RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"




पटना, वर्षः 7 , अंकः34 , बुधवार, 18 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8

9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



चकिया मुठभेड़ः अपराधियों का अंत, शहादत से सवालों में घिरी सफलता 03



महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि जी का जन्मोत्सव, भक्तों ने दी शुभकामनाएं 04

एक्रोमैटोप्सिया से पीड़ित सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा... 07

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने ओडिशा में अपने तीन विधायकों को पार्टी से निकाला

- राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की हरियाणा में जारी होगा नोटिस

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। वहीं हरियाणा में पार्टी पांच विधायकों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है। इस बीच हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने पार्टी छोड़ दी है।



उनकी पत्नी और नारायणगढ़ से विधायक शैली चौधरी भी पार्टी से इस्तीफा दे सकती हैं। ओडिशा में कांग्रेस ने रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस को पार्टी से निकाला है। इन तीनों विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग की वजह से कांग्रेस और आरजेडी के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, दोनों राज्यों में कांग्रेस के कुल 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। 16 मार्च को 11 सीटों पर हुए चुनाव में 9 सीटें एनडीए के खाते में गईं। 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के चुनाव में 26 पर प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध चुने गए थे।

### लोकसभा से 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

- स्पीकर ने सांसदों से कहा-पोस्टर और एआई से बनीं तस्वीरें न दिखाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे। उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज



फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। इससे पहले सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। धर्मेंद यादव ने कहा कि सदन की मर्यादा में सत्ता पक्ष को भी मान रखना होगा। उन्होंने कहा कि खासकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इसका ख्याल रखें। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों से कहा, प्लेकार्ट और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें।

### अब हर अंडे पर लिखी होगी एक्सपायरी डेट, हुआ तय

- 1 अप्रैल से नियम लागू, योगी सरकार का बड़ा फैसला

**लखनऊ (एजेंसी)।** अगर आप अंडे खाते हैं तो ये खबर खास आपके लिए है। बहुत जल्द हर अंडे पर आपको उसकी एक्सपायरी डेट लिखी हुई मिलेगी। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1 अप्रैल से अंडे का कारोबार करने वालों के लिए हर अंडे पर उसकी एक्सपायरी डेट की मुहर लगाना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही अंडों पर वह तारीख भी लिखी हुई मिलेगी, जिस दिन मुर्गी ने उन्हें दिया गया था। पशुपालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि व्यापारियों और मुर्गी पालन करने वालों को अनिवार्य तौर पर इस नियम



का पालन करना होगा। आपको बता दें कि अगर मुर्गी के अंडे को लगभग 30 डिग्री सेल्सियस के सामान्य तापमान पर रखा जाए, तो वह दिए जाने के दो हफ्तों के अंदर खाने के लिए सुरक्षित रहता है। इसके अलावा अगर उसे 2 से 8 डिग्री सेल्सियस पर रखा जाए, तो पांच हफ्तों तक उस अंडे को खाया जा सकता है। नए नियम का पालन नहीं करने पर या तो बाजार में अंडों की खेप को नष्ट किया जाएगा या फिर अंडों पर इंसानों के खाने लायक नहीं की मुहर लगा दी जाएगी। खाद्य सुरक्षा नियमों के मुताबिक, अंडों को सब्जियों के साथ कोल्ड स्टोरेज में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि उन्हें अलग-अलग तापमान की जरूरत होती है। यूपी में अंडों के लिए केवल दो कोल्ड स्टोरेज हैं, जिनमें पहला आगरा में और दूसरा झांसी में है।

## 10 दिन में प्रोडक्शन रोक सकती हैं 200 कंपनियां

- प्रोपेन गैस की कमी से दवाओं पर भी छाया गंभीर संकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गैस संकट का असर अब दवा उद्योग पर भी दिखने लगा है। प्रोपेन गैस का इस्तेमाल रिएक्टर्स और स्टीम जेनरेशन में होता है। लेकिन इसकी भारी कमी के कारण गुजरात, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की कई कंपनियों को अपना उत्पादन बंद करना पड़ सकता है। इससे पैरासिटामोल, विटामिन और हॉरमोंस जैसी जरूरी मेडिसिन का प्रोडक्शन प्रभावित हुआ है। इंडस्ट्री के सूत्रों का कहना है कि बॉयलर ऑपरेशन पर काफी असर पड़ा है और इससे उत्पादन में कमी हो सकती है। इससे आने वाले कुछ दिनों में देश में दवाओं की कमी हो सकती है। एक



रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। भारत में कई एपीआई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं जो कई जरूरी दवाएं बनाती हैं। इनमें पैरासिटामोल, मेटफॉर्मिन, मेट्रोनिडाजोल, डाइक्लोफैनेक और निमेसुलाइड, सिप्रोफ्लोक्सेसिन, फॉलिक एसिड और विटामिन सी शामिल हैं। चेयरमैन दिनेश दुआ का कहना है कि करीब 200 मैन्युफैक्चरर्स अगले 7 से 10 दिन में अपना प्रोडक्शन बंद कर सकते हैं। इससे जरूरी दवाओं के उत्पादन पर असर हो सकता है।

- 45000 टन डीजल होगा एक्सपोर्ट, सत्ता परिवर्तन के बाद बदली स्थिति

## ईद से पहले भारत भर रहा है बांग्लादेश की टंकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ईरान युद्ध संकट के बीच भारत और बांग्लादेश के रिश्ते काफी नजदीक आ रहे हैं। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का भी असर दिखाई दे रहा है। ईद से पहले भारत बांग्लादेश की मदद के लिए भारत आगे आया है। भारत ने पाइपलाइन के जरिए बांग्लादेश को डीजल एक्सपोर्ट करना शुरू कर दिया है। भारत अप्रैल तक बांग्लादेश को कुल 45000 टन डीजल एक्सपोर्ट करेगा। बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के जनरल मैनेजर मोहम्मद मुर्शिद हुसैन आजाद ने बताया कि बांग्लादेश को भारत से 5000 टन डीजल की खेप मिल चुकी है। 18 या 19 मार्च को 5000 टन डीजल और मिलेगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को भारत से 40000



अतिरिक्त डीजल भेजने का प्रस्ताव मिला है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद अप्रैल तक यह अतिरिक्त डीजल बांग्लादेश पहुंच जाएगा। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली पिछली अंतरिम सरकार ने भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन के जरिए डीजल का आयात रोक दिया था। हालिया चुनावों के बाद जब प्रधानमंत्री तारीक रहमान की सरकार ने सत्ता संभाली, तो इसे बहाल कर दिया गया है।

### 400 बेगुनाहों की हत्या इंटरनेशनल लॉ कहां है

- बम बरसाने वाले पाकिस्तान पर भड़का अफगानिस्तान का क्रिकेटर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में ड्रग रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल पर हवाई हमला किया, जिसमें अब तक 400 लोगों ने अपनी जान खो दी। इतना ही नहीं बल्कि 250 लोग चोटिल भी गए। पाकिस्तान की इस हरकत से हर कोई हैरान है। अफगानी क्रिकेटर्स ने भी पाकिस्तान की इस गिरी हुई हरकत पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने बड़ा बयान दिया है। अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, पाकिस्तान द्वारा रमजान के महीने में अफगानिस्तान के अस्पताल पर बम विस्फोट किया गया।

## किसी भी उम्र का बच्चा गोद लेने पर मातृत्व अवकाश

- बड़ा फैसला, अभी उम्र 3 महीने से कम होना जरूरी था

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-पितृत्व अवकाश पर भी कानून बने**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देना गलत है। जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। इस दौरान बेंच ने धारा 60(4) को असंवैधानिक करार देते हुए बच्चे की उम्र 3 महीने से कम होने के नियम को रद्द कर दिया। हमसानंदिनी



नंदूरी ने इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि उम्र के आधार पर छुट्टी देना गलत है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पितृत्व अवकाश (पिता की छुट्टी) को भी कानून में शामिल करे।

- **केवल जैविक कारक ही परिवार को निर्धारित नहीं करते-** न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, यद्यपि पारंपरिक रूप से रिश्तेदारी को परिभाषित करने में जीव विज्ञान को प्रमुख कारक माना जाता रहा है, लेकिन गोद लेना भी उतना ही मान्य तरीका है। परिवार का निर्धारण जीव विज्ञान से नहीं, बल्कि साझा अर्थ से होता है। केवल जैविक कारक ही परिवार को निर्धारित नहीं करते। गोद लिया हुआ बच्चा प्राकृतिक बच्चे से भिन्न नहीं होता।

### उत्तराखंड के बाद गुजरात में यूसीसी की तैयारी

- समिति ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी



**गांधीनगर (एजेंसी)।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है। समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद इसने अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है। गुजरात सरकार आज शाम को इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी। रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है।

## मारे गए ईरान के सबसे ताकतवर अफसर अली लारिजानी

- इजराइल का सबसे बड़ा दावा-रक्षामंत्री ने खुद किया ऐलान
- बसीज फोर्स कमांडर सुलेमानी की भी मौत; ईरान से पुष्टि नहीं

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने दावा किया है कि ईरान में रात को किए गए एयरस्ट्राइक में देश के सिक्योरिटी चीफ



अली लारिजानी मारे गए हैं। वे ईरान के सबसे ताकतवर अफसर माने जाते हैं। इससे पहले इजराइली सेना ने पुष्टि की थी कि उसने लारिजानी को निशाना बनाया था। इसके साथ ही आईडीएफ ने बताया कि एक अलग हमले में ईरान के बसीज पारामिलिट्री फोर्स के कमांडर गुलामरजा सुलेमानी को भी मार गिराया गया। रक्षा मंत्री काट्ज ने बयान में कहा कि लारिजानी और बसीज कमांडर को खत्म कर दिया गया है और वे उन लोगों के साथ जा मिले हैं, जिन्हें इजराइल पहले ही मार चुका है। हालांकि, इन दावों पर अभी तक ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं आई है। वहीं, इजराइल के दावों के बीच लारिजानी के एक्स अकाउंट पर एक हाथ से लिखा नोट पब्लिश किया है। इसमें उन्होंने हमले में मारे गए ईरानी नौसैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई है, जिनका अंतिम संस्कार आज होने की उम्मीद थी।

- **अली लारीजानी ही चला रहे थे ईरानी की सत्ता-** ईरान के सुप्रीम नेता अली खामेनेई की मौत के बाद अली लारीजानी सबसे मुखर होकर इजरायल और अमेरिका की आलोचना कर रहे थे। हाल ही में लारीजानी तेहरान में एक रैली के दौरान दुनिया के सामने खुलकर आए थे। अली लारीजानी सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दे रहे थे। ईरान ने मोजतबा खामेनेई को भले ही अगला सुप्रीम लीडर बना दिया है लेकिन इजरायली और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि वह बुरी तरह से घायल हैं।

### ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

**नाटो देश बोले-ये हमारी लड़ाई नहीं**



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है। ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वॉरशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते,तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है।

## बीजेपी में वरुण गांधी के बहुरेंगे दिन

- परिवार संग पीएम मोदी से मुलाकात; बोले-पितृवत स्नेह मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी सरकार की नीतियों की आलोचना के चलते पार्टी में अलग-थलग हुए वरुण गांधी एक बार फिर अपने सियासी ढर्रे पर वापस आते दिख रहे हैं। उन्होंने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर तस्वीर पोस्ट करते हुए वरुण गांधी ने लिखा, परिवार सहित श्रद्धेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर उनका आर्शीवाद और मार्गदर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, आपके आभामंडल में अद्भुत पितृवत स्नेह और संरक्षण का भाव है। आपसे हुई भेंट इस विश्वास को और भी दृढ़ बना देती है कि आप देश



और देशवासियों के सच्चे अभिभावक हैं। वरुण गांधी ने पीएम मोदी के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है जिसमें उनकी पत्नी और बेटी भी दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही सियासी गलियारों में अटकलें लगने लगी हैं। जानकारों का कहना है कि वरुण गांधी को पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। पश्चिम बंगाल में भी चुनाव होने जा रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि वरुण गांधी को पश्चिम बंगाल में जिम्मेदारी दी जा सकती है।

- **2024 आम चुनाव में नहीं मिला था टिकट-** बता दें कि वरुण गांधी ने 2009 में पहली बार बीजेपी के टिकट पर पीलीभीत से लोकसभा का चुनाव जीता था। उन्होंने कांग्रेस के वीएम सिंह को हराया था। वह 2014 में दोबारा इसी सीट से सांसद बने। इसके बाद 2019 में वरुण गांधी लगातार तीसरी बार पीलीभीत से चुनाव जीता। वहीं 2014 में वरुणा गांधी को टिकट ही नहीं दिया गया। माना जा रहा था कि बीजेपी सरकार की आलोचनाओं के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। किसान आंदोलन के दौरान वरुण गांधी केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर रहते थे।

### बीजेपी की जीत में मुस्लिम विधायकों की रही अहम भूमिका

- विपक्ष के एमएलए फैसल और सोफिया के वोट से बदला गेम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार और ओडिशा में राज्यसभा चुनाव में इस बार बीजेपी की जीत के पीछे दूसरे दलों के विधायकों की बड़ी भूमिका रही। सबसे ज्यादा चर्चा बिहार के ढाका से राजद विधायक फैसल रहमान और ओडिशा की बाराबती-कटक सीट से कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस की हो रही है। दोनों ही विधायकों के फैसले ने बीजेपी के लिए चुनावी नतीजों को सीधे तौर पर प्रभावित किया। बिहार में फैसल रहमान की अनुपस्थिति ने राष्ट्रीय जनता दल को चौंका दिया। सूत्रों के मुताबिक, रहमान पूरे दिन पार्टी प्रबंधकों की पहुंच से बाहर रहे और उनका मोबाइल भी बंद था। उनके अनुपस्थिति से एनडीए को फायदा हो गया।



राज्य में नीतिश कुमार (जेडीयू), नितिन नबीन, राम नाथ ठाकुर और शिवेश कुमार (भाजपा), और उपेन्द्र कुशवाहा (आरएलएम) को राज्यसभा के लिए जीतने में मदद मिली। पार्टी में रहमान की गैरमौजूदगी ने साफ कर दिया कि कभी-कभी एक अकेला विधायक पूरे चुनाव की दिशा बदल सकता है। वहीं, ओडिशा में राज्यसभा की चार सीटों के लिए सोमवार को हुई वोटिंग में सबसे ज्यादा चर्चा रही सोफिया फिरदौस की। कांग्रेस की लाइन के उलट उन्होंने बीजेपी के पक्ष में वोट डाला। सोफिया ने दो दिन पहले ही पार्टी के साझा उम्मीदवार चयन पर सवाल उठाए थे और कहा था कि उन्हें इस फैसले में शामिल नहीं किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पार करने के लिए दबाना होगा बटन

**पटना।** पटना जू के सामने पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए विदेशों की तर्ज पर विशेष सिग्नल लाइट लगाई जाएगी। सड़क पार करने के लिए पैदल यात्रियों को केवल एक बटन दबाना होगा। पटना नगर निगम के वार्षिक बजट में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत इसपर फैसला लिया गया है। बटन दबाने पर रेड लाइट जलेगी, जिससे सड़क के दोनों लेन में वाहनों की आवाजाही रुक जाएगी। लोगों के पार होने के बाद ग्रीन लाइट हो जाएगी। यात्रियों के समूह के पार होने के बाद दोबारा 20 मिनट बाद ही फिर से यह बटन काम करेगा। फिलहाल इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि सड़क पार करने के लिए हर 20 मिनट में पैदल यात्री बटन दबाकर ट्रैफिक रोक सकेंगे। इसके सफल होने पर अन्य भीड़-भाड़ वाले इलाकों और स्कूलों के पास भी लगाया जाएगा। फुट ओवरब्रिज या अंडरपास बनने तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। दरअसल, नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 5वीं विशेष बैठक (बजट 2026-27) सोमवार को निगम मुख्यालय में आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2914 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। यह बजट पिछले साल की तुलना में 59 करोड़ रुपए अधिक है, हालांकि आय-व्यय के गणित में यह 8 करोड़ रुपए के घाटे का बजट दर्शाया गया है। अब इसे अंतिम स्वीकृति के लिए निगम पर्षद की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। अब पटना की सड़कों पर IOT आधारित सेंसर वाली स्मार्ट लाइटें लगेंगी, जो रोशनी कम होते ही खुद ही जल जाएंगी और सुबह होते ही बुझ जाएंगी। इसके लिए पूरे शहर में नए सिरे से सर्वे कराया जाएगा, ताकि नई कॉलोनियों और गलियों को भी रोशनी से जोड़ा जा सके। इन लाइटों के लिए सेंट्रलाइज्ड कमांड सेंटर भी रहेगा। अभी फिलहाल शहर में करीब 82 हजार लाइट इंस्टॉल है।



### अवैध धंधों पर जल्द होगी सख्त कार्रवाई-एसपी

**हाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने 17 मार्च को वैशाली थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अवैध धंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में थानाध्यक्ष वैशाली, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें भूमि विवाद, आपसी मारपीट, यातायात व्यवस्था में सुधार, साइबर ठगी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से संबंधित मामले प्रमुख थे। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों के त्वरित, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्ती बढ़ाने और आम लोगों की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता तथा तत्परता बरतने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अवैध धंधे अब बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वैशाली गढ़ के होटलों पर पुलिस की विशेष नजर है और अवैध कारोबारियों के खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वैशाली पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने और शिकायत मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने बताया कि जनता दरबार में क्षेत्र के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया गया था। उन्होंने कई छोटी-बड़ी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य रूप से नशे के सेवन और कारोबार पर अंकुश लगाने तथा पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। व्यक्तिगत शिकायतों में लगभग एक दर्जन मामले जमीनी विवाद से संबंधित थे। एसपी ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित सिविल प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।



### स्कूल से लाखों का सामान चोरी, शाहदुल्लापुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना

**हाजीपुर।** लालगंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी है। अब चोरों ने शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालयों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा घटना शाहदुल्लापुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहदुल्लापुर की है, जहां अज्ञात चोरों ने कार्यालय कक्ष का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। सोमवार सुबह जब शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय पहुंचे, तो उन्होंने कार्यालय कक्ष का ताला टूटा हुआ पाया। जांच करने पर पता चला कि कार्यालय से दो साउंड सिस्टम, तीन कॉर्डलेस माइक, एक ढोलक, एक कैसियो, एक एम्प्लीफायर, एक यूनिट और दो सीलिंग फैन सहित कई अन्य सामान गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने तुरंत अन्य शिक्षकों, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों, गांव के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सूचित किया। इसके बाद डायल 112 पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने चोरी की इस घटना के संबंध में लालगंज थाना में लिखित आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों की जल्द गिरफ्तारी और इलाके में नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग की है।



### गंगा किनारे मिला शव, सिर में गंभीर चोट के निशान

**हाजीपुर।** वैशाली के देसरी थाना क्षेत्र के गनियारी गांव स्थित गंगा किनारे एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने नदी किनारे शव पड़ा देखा, जिसके बाद बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। शव की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने आशंका जताई कि व्यक्ति की कहीं और हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया है। शव काफी देर से गंगा नदी किनारे पड़े होने के कारण उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और क्राइम एरिया की घेराबंदी की। घटना की जानकारी एफएसएल टीम को दी गई। इसके बाद, एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच के लिए नमूने एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है। देसरी थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिली थी कि गनियारी गंगा घाट किनारे एक युवक का शव पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई। अभिषेक कुमार के अनुसार, स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया है कि युवक को गिरने के कारण सिर में गंभीर चोट आई थी। उसके सिर में जख्म के निशान थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाया गया था, जिसने नमूने एकत्र किए हैं। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है और उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया है।



# नारकोटिक्स टीम पर हमला छापेमारी करने गई थी टीम

**एजेंसी, पटना**

पटना में नारकोटिक्स टीम पर हमला हुआ है। टीम छापेमारी करने पहुंची थी। इसी बीच शरारती तत्वों ने 5 सदस्यीय टीम पर हमला कर दिया। पत्थरबाजी और रोड़ेबाजी की जाने लगी। 2 को हल्की चोट लगी। हालात ऐसे हो गए थे कि नारकोटिक्स की टीम को फायरिंग करनी पड़ी। इसी दौरान आकाश धांगर नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की मां सुनीता देवी ने बताया कि सुबह के वक्त नारकोटिक्स डिपार्टमेंट की टीम पहुंची थी। पड़ोस के 2 लोगों ने मेरे बेटे के सामने स्मैक का थैला फेंक दिया। इसके बाद मेरे बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। सुनीता ने बताया कि टीम की ओर से तीन-चार राउंड फायरिंग भी की गई। इसके बाद महिलाएं और अन्य लोग घर में भाग गए। घटना बुद्धा कोलनी के चिनाकोठी की है।



**बुद्ध कॉलोनी थाने की पुलिस पहुंची:** नारकोटिक्स की टीम बुरी तरह से भीड़ में फंस चुकी थी। गनीमत की बात रही कि बुद्ध कॉलोनी थाने की पुलिस समय से मौके पर पहुंच गई। इसके बाद जैसे-तैसे वहां से आकाश धानगर को लेकर टीम बाहर निकल गई। आकाश धानगर का आपराधिक इतिहास पाया गया है। मादक पदार्थ बेचने के आरोप में आकाश और उसकी पत्नी जेल भी जा चुके हैं। एएसपी लॉ एंड ऑर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया, नारकोटिक्स की टीम छापेमारी करने पहुंची थी। कुछ शरारती तत्वों ने इसका विरोध कर दिया। फिलहाल इसकी छानबीन की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय की ओर से बताया गया कि 17 मार्च को 11:45 बजे थाना से पुलिस टीम पहुंची थी। 100 महिला/पुरुष ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया। इस घटना में पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में 2 राउंड फायरिंग की। छापामारी में आकाश धागड़ (25) चीनाकोठी को हिरासत में लिया गया है। आकाश धागड़ के पास से 54 पुड़िया स्मैक और 6,700 रुपया बरामद किया गया है। फायरिंग में किसी की हताहत की सूचना नहीं है।

♦ शरारती तत्वों ने फेंके ईंट-पत्थर, एक गिरफ्तार

## तेजस्वी की फ्लाइट कोलकाता की जगह गुवाहाटी डायवर्ट

**एजेंसी, पटना**

बिहार में अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने आज यानी मंगलवार को 20 जिलों में आंधी-बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40KM/H की रफ्तार से हवा चल सकती है। वहीं बाकी जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान 34 से 38 डिग्री के बीच रह सकता है।

वहीं मौसम खराब होने की वजह से तेजस्वी की फ्लाइट कोलकाता की जगह गुवाहाटी में लैंड करानी पड़ी। तेजस्वी यादव सोमवार की शाम इंडिगो की फ्लाइट से पटना से कोलकता के लिए निकले थे।

इधर, सोमवार को रक्सौल में तेज आंधी के साथ मौसम ठंडा हो गया, जबकि बगहा में बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलती रहीं। वहीं किशनगंज के पौआखाली और उसके आसपास के कई इलाकों में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। अररिया में भी देर शाम तेज हवा के साथ ओले गिरे। बीते 24 घंटे में 36 डिग्री के आसपास तापमान के साथ नालंदा गर्म जिला रहा। वहीं, पटना का टेंपरेचर भी 35 डिग्री के आसपास रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम में बदलाव की वजह से उत्तर और पूर्वी बिहार के जिलों में बारिश और तेज हवा का असर अधिक रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बिहार में अगले सात दिनों तक मौसम में बदलाव दिख सकता है। इस दौरान कई जिलों में बादल, गरज-चमक और तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर और पूर्वी बिहार के जिलों में इसका असर ज्यादा रहेगा, जबकि दक्षिण और पश्चिम बिहार में मौसम सामान्य रहेगा। इन क्षेत्रों में बीच-बीच में बादलों के साथ धूप भी निकलती रहेगी, जिससे तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।



❐ बिहार के 20 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

## पटना में फिल्म 'आइडियल' की हो रही शूटिंग, कोतवाली थाने में सेट तैयार

**एजेंसी, पटना**

पटना के कोतवाली थाने में हिंदी फिचर फिल्म 'आइडियल' की शूटिंग चल रही है। थाने पर पूरा सेट बनकर तैयार हो गया है। सुबह से थाने पर लीड एक्टर, को एक्टर, प्रोड्यूसर मौजूद हैं। इस फिल्म के लीड एक्टर 'ओ माय गॉड 2' में काम कर चुके आरुष हैं। OMG-2 में आरुष पंकज त्रिपाठी के बेटे की भूमिका में थे। डायरेक्टर और प्रोड्यूसर दोनों पटना से हैं। फिल्म को डायरेक्ट जाने माने लेखक-डायरेक्टर अमिताभ वर्मा कर रहे हैं। श्रुति आनंदिता वर्मा प्रोड्यूसर हैं।

प्रोड्यूसर श्रुति आनंदित वर्मा ने कहा कि पूरी कहानी बिहार बेस्ड है। बिहार की एक खराब छवि को लेकर नेशनल स्तर पर जो मिथ्य फैलाया गया है। उसे इस फिल्म के जरिए कम करने की कोशिश की गई है। इसमें पॉलिटिक्स, पुलिस और अपराधी तीनों का क्लाइमेक्स देखने को मिलेगा। फिल्म की शूटिंग पटना की अलग-अलग लोकेशन और राजगीर में होगी।



**बिहार में बहुत कुछ बदल चुका है:** इस फिल्म के जरिए यह बताने की कोशिश है कि जैसा बिहार के बारे में सोचा या बताया जाता है, वैसा बिहार नहीं है। पहले से बहुत कुछ चीजें बदल चुकी है। इसमें अधिकतर कलाकार बिहार के हैं। प्रोड्यूसर श्रुति आनंदित वर्मा ने बताया कि फिल्म जूबिनाइल अपराध पर है। छोटे-छोटे बच्चों में कैसे उनका आइडियल बदल रहा है। उसका क्या व्यापक प्रभाव समाज और परिवार पर पड़ रहा है। कैसे वह अपराध की दुनिया में फंसते चले जा रहे हैं। इस फिल्म में वह सब चीजें देखने को मिलेंगी।

# पटना में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंका

**एजेंसी, पटना**

राज्यसभा चुनाव के पांच पदों वोटिंग हुई थी। जिसमें महागठबंधन के 4 विधायक वोट देने नहीं पहुंचे थे, जिसमें कांग्रेस के 3 विधायक शामिल थे। एनडीए सरकार के वोट चोर, विधायक चोर नीति के खिलाफ कांग्रेस ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम के गेट के सामने पुतला दहन किया। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम मौजूद हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिंदाबाद, विधायक चोरी बंद करो, राजेश राम जिंदाबाद, वोट चोर गद्दी चोर जैसे नारे लगा रहे हैं।

इस मौके पर राजेश राम ने कहा कि लोग दबाव में हैं। स्वतंत्र नहीं हैं। सारी मीटिंग की प्रक्रिया चली। अचानक क्या हुआ जब उनसे बात होगी तो पता चलेगा। पार्टी नेतृत्व हमेशा तय करती है। वे आजाद हैं या गुलाम हैं वे ही बताएंगे।



**अल्पसंख्यक-ओबीसी वर्ग से उम्मीदवार होना चाहिए था:** वहीं, मनिहारी से कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा कि महागठबंधन की ओर से दलित, अल्पसंख्यक या ओबीसी वर्ग से उम्मीदवार नहीं बनाया गया। इन वर्गों की अनदेखी कर अन्य कोटे से प्रत्याशी उतारा गया, जिसके विरोध में मैंने मतदान का बहिष्कार किया।

**विधायकों को सम्मान नहीं मिलेगा तो वोट भी नहीं मिलेगा:** फारबिसगंज से कांग्रेस विधायक मनोज विश्वास ने कहा कि जब पार्टी के विधायकों को ही सम्मान नहीं मिलेगा तो वोट देने का कोई मतलब नहीं रह जाता। AD सिंह के अलावा दूसरा कैंडिडेट होता तो जरूर वोट देते। पार्टी की कार्रवाई के लिए तैयार हूं।

**मां के इलाज में व्यस्त था:** ढाका से राजद विधायक फैसल रहमान ने बताया कि पारिवारिक वजह के कारण मैं राज्यसभा चुनाव के मतदान में शामिल नहीं हो सका। मैं अपनी बीमार मां रुक्साना खातून के इलाज के लिए दिल्ली में हूं।

**राजद ने उम्मीदवार गलत चुना:** कांग्रेस विधायक सुरेंद्र ने कहा कि एक सीट का मौका था, महागठबंधन के पास दीपक यादव जी से बेहतर उम्मीदवार कौन हो सकता था, वह भी नहीं तो मुकेश सहनी थे, लेकिन उन्हें मौका ना देकर ऐसे वर्ग के व्यक्ति को उम्मीदवार बना दिया गया, जिसका जनाधार महागठबंधन के खिलाफ है। मैं NDA का साथ दे नहीं सकता हूं और राजद ने उम्मीदवार गलत चुना तो मैने वोट नहीं देना ही बेहतर समझा।

❐ विधायक चोरी बंद करो-राहुल गांधी जिंदा बाद, सदाकत आश्रम के सामने लगाए नारे

# नगर परिषद में पार्षदों से अभद्र व्यवहार, बजट बैठक के बाद मारपीट, जान से मारने की धमकी

**एजेंसी, पटना**

पटना के नौबतपुर नगर परिषद में बजट बैठक के बाद वार्ड पार्षदों के साथ गाली-गलौज और मारपीट हुई। नौबतपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोप है कि एक वार्ड पार्षद के बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर पार्षदों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना सोमवार देर शाम नौबतपुर नगर परिषद परिसर में हुई। बजट बैठक समाप्त होने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब कुछ लोगों ने पार्षदों के साथ अभद्र व्यवहार किया। वार्ड संख्या-12 के पार्षद सुभाष कुमार ने बताया कि एक वार्ड पार्षद का बेटा ऋतुराज अपने कुछ लोगों के साथ नगर परिषद परिसर में घुस आया। आरोप है कि इन लोगों ने वहां मौजूद वार्ड पार्षदों के साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।



**जल्द गिरफ्तारी की मांग:** आधा दर्जन वार्ड पार्षदों ने नौबतपुर थाना में दो लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में विशेष रूप से एक पार्षद के बेटे पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पार्षदों का कहना है कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कार्यालय में जबरन प्रवेश किया और बैठक के बाद पार्षदों को निशाना बनाया। घटना के बाद वार्ड पार्षदों ने प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। मामला दर्ज कराने वाले वार्ड पार्षदों में सुभाष कुमार, चंद्र किशोर, उदय शर्मा, विकास कुमार, सुनीता कुमारी एवं जीनत प्रवीण शामिल हैं।

**नगर परिषद में अपना वर्चस्व कायम करना चाहते:** वार्ड सदस्य सुभाष कुमार ने बताया कि ऋतुराज वार्ड 1 पार्षद के बेटा हैं। उन पर पहले भी नौबतपुर थाने में 4 मामले दर्ज हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि पहले भी कई वार्ड पार्षदों के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया है। नौबतपुर थाना में पहले भी मामला दर्ज कराया जा चुका है। इसके बावजूद भी वे नौबतपुर नगर परिषद में अपना वर्चस्व कायम करना चाहते हैं। कई वार्ड पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है कि कार्यपालक पदाधिकारी से शिकायत करने के बावजूद भी कार्यपालक पदाधिकारी ने इस मामले में किसी तरह का कोई संज्ञान नहीं लिया। इससे कार्यपालक पदाधिकारी और ऋतुराज की साठगांठ उजागर होती है।

## बाढ़ में किसान 2 दिन से लापता, अपहरण का आरोप

**एजेंसी, पटना**

बाढ़ अनुमंडल के बेलछी थाना अंतर्गत कोरारी गांव से 15 मार्च से संतोष कुमार (38) लापता है। परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने संतोष के पार्टनर श्रवण कुमार पर अपहरण का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, संतोष ने लगभग एक साल पहले पार्टनरशिप में एक फसल काटने की मशीन खरीदी थी, जिसमें उन्होंने साढ़े 7 लाख रुपए का निवेश किया था। पिछले 4 महीने से वह अपने साढ़े 7 लाख रुपए वापस मांग रहे थे, जिसके लिए उन्हें लगातार हत्या की धमकियां मिल रही थीं।

15 मार्च को सुबह 6 बजे संतोष मसूर की फसल कटवाकर घर लौट रहे थे, जिसके बाद से वह लापता हैं। संतोष की पत्नी रानी देवी ने बताया कि उनके पति का पार्टनर मंगलवार को पैसे देने के लिए राजी हो गया था। परिजनों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।बेलछी थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संतोष कुमार कर्ज में हैं और इस कारण भी वह बिना बताए घर से बाहर जा सकते हैं। नवीन कुमार के अनुसार, लगभग दो साल पहले भी संतोष 15 दिनों के लिए बिना बताए घर से चले गए थे। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही इसका खुलासा करने की बात कही है।



♦ परिजन बोले- फसल काटने के लिए घर से निकले थे, फिर नहीं लौटे

## बीजेपी ऑफिस में फूटे पटाखे-मखाने की माला से स्वागत

**एजेंसी, पटना**

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत के बाद पटना के भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सव मनाया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन और शिवेश राम जीत के बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे। उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद नितिन नवीन, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री मंगल पांडेय सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और मखाना का माला पहनाया गया।



**यह जनता की जीत है-सम्राट चौधरी:** राज्यसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, यह जीत जनता के विश्वास और समर्थन की जीत है। बिहार की जनता ने एनडीए पर भरोसा जताया है और विधायकों ने एकजुट होकर इस जीत को संभव बनाया है। मैं सभी विधायकों का धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने हमें समर्थन दिया और यह जीत दिलाई। यह लोकतंत्र में जनता के विश्वास और एनडीए की एकजुटता का परिणाम है।

# बिहार कांग्रेस बचाओ महासम्मेलन का आयोजन

**एजेंसी, पटना**

बिहार कांग्रेस में अपनी ही पार्टी से नाराज चल रहे कांग्रेसियों ने पटना में बिहार कांग्रेस बचाओ महासम्मेलन का आयोजन किया। इस महासम्मेलन में पूरे बिहार से AICC, PCC डेलिगेट्स पहुंचे हुए थे। पूर्व AICC सदस्य आनंद माधव ने कहा कि आज हर प्रखंड, हर जिले से कांग्रेस के कार्यकर्ता आए हैं। जिला अध्यक्ष और सेक्रेटरी भी यहां मौजूद हैं। बिहार में कांग्रेस निचले पायदान पर पहुंच गई है इसलिए उसे बचाने की आवश्यकता है। अगर आज हम उसे नहीं बचाएंगे तो फिर 2029 का रास्ता साफ नहीं होगा। राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए हमें बिहार के कांग्रेसियों को जगाना है और इसलिए आज इस महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। हम लोगों ने बिहार कांग्रेस बचाओ अभियान मोर्चा खोला है।




**इस सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों को कार्रवाई की दी जा रही थी धमकी:** उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में शामिल नहीं होने के लिए सभी पीसीसी डेलिगेट्स और जिला अध्यक्षों को फोन गया। यहां तक की कार्रवाई करने की भी बात कही गई। ये लोग भय का वातावरण पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तो उनके विधायक ही इनके बस में नहीं है। कल राज्यसभा चुनाव के लिए तो ये लोग आए ही नहीं थे। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष घर-घर जाकर विधायकों को ढूंढ रहे थे और उनके परिजनों को धमकी दे रहे थे की कानूनी कार्रवाई करेंगे।

**राजेश राम और कृष्णा अल्लावरू का पुतला जलना चाहिए:** बिहार में कांग्रेस की बहुत दयनीय स्थिति हो गई है। आज पूरे देश में बिहार कांग्रेस ने कांग्रेस को लज्जित किया है। सच्चाई यह है कि राजेश राम और कृष्णा अल्लावरू का पुतला जलना चाहिए। यह लोग किसी लायक नहीं है। यह दोनों व्यापारी और एजेंट है। इन लोगों को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। उन दोनों को यहां से खदेड़ना है और इसके लिए जो कीमत चुकानी होगी हम चुकाएंगे। आज के सम्मेलन के बाद हम लोग अपनी बातें दिल्ली आलाकमान तक पहुंचाएंगे। अगर हमारी बातें नहीं सुनी जाएगी तो फिर हम दिल्ली में इंदिरा भवन के सामने धरना भी देंगे। हमारी लड़ाई सच के साथ है।

♦ कांग्रेस के नेता बोले- राजेश राम-अल्लावरु का पुतला जलना चाहिए, दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

## संक्षिप्त समाचार

### देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिले के शिकारगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी के दौरान सेमरा सीतना गांव निवासी मुन्ना कुमार (पिता- सुदामा साह), मीटू साह (पिता- महेश साह) तथा विनोद कुमार उर्फ जीतन (पिता- सत्यनारायण साह) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों के खिलाफ शिकारगंज थाना कांड संख्या-59/26 दर्ज कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कार की खरीद-बिक्री का खेल बेनकाब, एक गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर लगाकर कार की खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में आरोपी को एक कार के साथ दबोचा गया। पुलिस के अनुसार, सिसवा सब गांव में कार्रवाई करते हुए एजाजुल्लाह (पिता- शेख सगीरुल्लाह) को मारुति ऑल्टो कार (नंबर- WB38T7200) के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह बंगाल में रहने के दौरान मो. नेसार (स्व. खिलाफत) से पुरानी गाड़ियां खरीदता था और उन पर दूसरे वाहनों के फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेच देता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी वाहनों के चेसिस नंबर और इंजन नंबर में छेड़छाड़ कर फर्जी स्मार्ट रजिस्ट्रेशन कार्ड तैयार करता था, ताकि गाड़ियों को आसानी से खपाया जा सके। पुलिस ने बरामद वाहन को जब्त कर लिया है। इस संबंध में कल्याणपुर थाना में कांड दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है।

### मादक पदार्थ तस्करी मामले में दो दोषियों को 122 दिन की सजा

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित एनडीपीएस कोर्ट-1 ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में दो आरोपियों को 122 दिन के कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और समर्पित चार्जशीट के आधार पर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रक्सौल थाना कांड संख्या 477/25, धारा 21(b) व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियुक्त दीपक कुमार, पिता मुरा मांझी तथा श्रवण कुमार गुप्ता, पिता अनहोती लाल साह को दोषी पाया गया। दोनों अभियुक्त कोढ़ीहार थाना क्षेत्र के निवासी हैं। माननीय न्यायालय ने दोनों दोषियों को 122 दिन के कारावास के साथ-साथ 5-5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में 5 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में वादी पुअनि विकास कुमार एवं अनुसंधानकर्ता पुअनि जितेंद्र कुमार रहे। वहीं विशेष लोक अभियोजक डॉ. शंभू शरण सिंह ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। मोतिहारी पुलिस ने इस निर्णय को अपनी सुदृढ़ जांच और न्यायिक प्रक्रिया की सफलता बताया है।

### शहीद राम कुमार यादव को अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



**बीएनएम @मोतिहारी।** कर्तव्य निर्वहन के दौरान वीर जवान राम कुमार यादव का निधन हो गया। इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक चम्पारण क्षेत्र बेतिया हरिकिशोर राय, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोतिहारी स्वर्ण प्रभात ने दिवंगत जवान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव को याद करते हुए उन्हें सच्चा कर्मवीर बताया। जवान राम कुमार यादव के निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर है।

# चकिया मुठभेड़ः अपराधियों का अंत, शहादत से सवालों में घिरी सफलता

**सागर सूरज**



**मोतिहारी।** चकिया थाना क्षेत्र के बांसघाट (रामडीहा) इलाके में देर रात हुई पुलिस–अपराधी मुठभेड़ ने पूरे जिले को एक साथ राहत और गम दोनों का एहसास कराया है। इस ऑपरेशन में कुख्यात अपराधी कुंदन ठाकुर और उसका साथी प्रियांशु दुबे मारा गया, जबकि एक बहादुर एसटीएफ जवान ने अपनी जान गंवा दी। घटना के बाद जहां पुलिस की कार्रवाई की सराहना हो रही है, वहीं शहादत ने कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर देर रात करीब ढाई बजे इलाके की घेराबंदी की गई थी। जैसे ही अपराधियों को चारों ओर से घिरने का आभास हुआ, उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस और एसटीएफ ने मोर्चा संभालते हुए दोनों बदमाशों को ढेर कर दिया। मौके से हथियार भी बरामद हुए हैं और दो अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व एसपी स्वर्ण प्रभात ने किया, जबकि डीआईजी हरिकिशोर राय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

बताया जाता है कि कुंदन ठाकुर ने घटना से एक दिन पहले ही पुलिस को खुलेआम धमकी दी थी। ऐसे में यह मुठभेड़ सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। पुलिस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे कितनी भी बड़ी चुनौती क्यों न दें।

फिर भी, इस सफलता के बीच एक जवान की शहादत ने पूरे घटनाक्रम को भावनात्मक बना दिया है। जिले में शोक का माहौल है और लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर कहां चूक हुई।

- क्या पुलिस पूरी तैयारी और सुरक्षा के साथ मौके पर पहुंची थी?
- क्या पहले से मिली धमकी के बावजूद रणनीति में कोई कमी रह गई?
- अचानक रेड के बावजूद अपराधी इतने सतर्क कैसे हो गए कि उन्होंने पहले ही फायरिंग शुरू कर दी?
- क्या खुफिया सूचना पर्याप्त और सटीक थी?

ये सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हर ऑपरेशन में जवानों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। हालांकि यह भी उतना ही सच है कि इस तरह के खतरनाक अपराधियों का सामना करना आसान नहीं होता। पुलिस और एसटीएफ के जवान अपनी जान जोखिम में डालकर ही समाज को सुरक्षित रखते हैं।

चकिया की यह मुठभेड़ एक ओर जहां अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई का उदाहरण है, वहीं दूसरी ओर यह भविष्य के लिए एक सीख भी है कि रणनीति, तैयारी और सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाए। शहीद जवान की कुर्बानी को नमन करते हुए यही उम्मीद की जा रही है कि आगे ऐसे ऑपरेशनों में और अधिक सतर्कता बरती जाएगी, ताकि कानून की जीत के साथ किसी परिवार को अपने बेटे को खोने का दर्द न सहना पड़े।

## भारी मात्रा में हथियार बरामद

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र में STF और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो कुख्यात बदमाश मारे गए, जबकि एक जवान शहीद हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

घटनास्थल से पुलिस ने एक कारबाइन, दो पिस्टल, दो कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और 17 खोखा बरामद किए हैं। बताया जाता है कि मुठभेड़ से पहले कुंदन ठाकुर ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए कई जवानों को मारने की धमकी दी थी।





मुठभेड़ के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चकिया थाना क्षेत्र के सिहोरवा निवासी उज्ज्वल कुमार और संत कुमार तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, अपराधियों ने टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी, जिसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें ढेर कर दिया।

## डीएम ने आवास योजना व स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की, लंबित मामलों में तेजी के निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं आवास पर्यवेक्षकों के साथ आवास योजनाओं और स्वच्छता से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, जिला भूअर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार एवं निदेशक डीआरडीए जयराम चौरसिया भी उपस्थित रहे। इस दौरान आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे 2024 के डिलीशन मॉड्यूल, एग्री विद रिकमेंडेशन एवं रीचेकिंग कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित स्वीकृति, रिमांड एवं आवास पूर्णता की प्रगति तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं सहायता योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के भुगतान, स्वच्छता कर्मियों के मानदेय, लंबित शौचालय जियोटैगिंग, डोर-टू-डोर कचरा उठाव, अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों एवं वाहनों की कार्यशीलता तथा DCMS ऐप पर ग्रामीण परिवारों की प्रविष्टि की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों में तेजी लाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्वच्छता समन्वयक, जिला सलाहकार एवं डीआरडीए के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## एसआरएपी कॉलेज बारा चकिया में लैंगिक संवेदनशीलता एवं समता कार्यशाला का आयोजन

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी।** जिला के बारा चकिया स्थित एस.आर.ए.पी. कॉलेज में पी.एम.-उषा योजना के अंतर्गत "लैंगिक संवेदनशीलता एवं समता कार्यशाला" का सफल आयोजन मंगलवार को किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लैंगिक समानता, जागरूकता एवं सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनरेश पंडित के उद्घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सभी के प्रति सम्मान रखने, सहयोगपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में एम.एस. कॉलेज, मोतिहारी से खनम अफरीन तथा आदर्श संस्कृत महाविद्यालय की डॉ. वीणा मिश्रा ने अतिथि वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त एल.एन.डी. महाविद्यालय के डॉ. दुर्बदल भट्टाचार्य (पी.एम.-उषा नोडल अधिकारी) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुश्री अफरीन ने विषय को कानूनी दृष्टिकोण से समझाते हुए घरेलू हिंसा से लेकर कार्यस्थल पर उत्पीड़न तक के विभिन्न कानूनों एवं महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी। वहीं डॉ. वीणा मिश्रा ने आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अपने विचार रखते हुए सकारात्मक सोच, भावनात्मक जुड़ाव, दहेज प्रथा से बचाव तथा नैतिक मूल्यों को अपनाने पर बल दिया। डॉ. दुर्वादल भट्टाचार्य ने लिंग (सेक्स) एवं जेंडर (Gender) के बीच अंतर को स्पष्ट किया तथा पी.एम.-उषा के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामाकांत पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला के समन्वयक डॉ. अभ्येन्द्र प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पी.एम.-उषा के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. संतोष आनंद, डॉ. पी. एन. शर्मा, डॉ. श्रवण कुमार मोदी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अखिलेश्वर कुमार, डॉ. अरशद खान, डॉ. सुमन लाल राय, डॉ. दिगंबर झा, डॉ. सनाउर अली, डॉ. उत्तम कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के कर्मचारी कमलेश प्रसाद यादव, अजय कुमार सिंह, अजीत कुमार, राहुल कुमार आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, पैनिक बुकिंग की जरूरत नहींः डीएम

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में प्रेस ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी विजय बहादुर सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा सहित मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 115 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 31, इंडेन गैस की 56 और भारत गैस की 28 एजेंसियां शामिल हैं। जिले में कुल उपभोक्ताओं की संख्या 11,42,619 है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी 2026 से पहले प्रतिदिन औसतन 19,195 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही थी, जो वर्तमान में 18,572 सिलेंडर प्रतिदिन है। कुछ लंबित आपूर्ति—हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 15,913, इंडेन के 25,500 और भारत गैस के 6,125 सिलेंडर—को अगले 2-3 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। डीएम ने आम लोगों से अपील की कि वे घबराकर अनावश्यक गैस बुकिंग न करें। प्रशासन कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्ती से नजर रखे हुए है। अब तक दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, जिनमें एक मोतिहारी और दूसरा पकड़ीदयाल अनुमंडल का है। जन समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम (06252-242418) स्थापित किया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक कार्यरत है। संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है और अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 98.5 प्रतिशत गैस की खपत घरेलू उपयोग के लिए है, जबकि 1.5 प्रतिशत कमर्शियल उपयोग के लिए है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की।

# नगर निगम मोतिहारी की बोर्ड बैठक संपन्न, 57 करोड़ की विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** नगर निगम मोतिहारी के बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में नगर आयुक्त, उपमहापौर, पार्षदगण एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार को सुनिश्चित करना था। इस दौरान विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों के समुचित विकास हेतु लगभग 57 करोड़ रुपये की योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई, जिस पर सभी माननीय निगम पार्षदों ने ध्वनि मत से अनुमोदन किया। इस निर्णय के तहत प्रत्येक वार्ड में लगभग 1.25 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, नाली, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्य कराए जाएंगे। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी कार्यों को टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाएगा। इससे न केवल कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि समयबद्ध तरीके से योजनाओं का निष्पादन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, शहर में वर्षों से चली आ रही जलजमाव एवं जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान हेतु एक व्यापक योजना पर निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख मार्गों के किनारे मुख्य नालों के निर्माण के लिए विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया है। इन नालों के निर्माण से छतौनी, बरियापुर, चांदमारी, सिंघिया सागर, चैलाहां, बंजरिया, रघुनाथपुर, मठिया जिरात, गोल्डी प्रेस रोड, खोदा नगर, बलुआ, नक्छेद टोला, हिन्दी बाजार, बनियापट्टी एवं हनुमानगढ़ी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। साथ ही, वर्षा ऋतु में होने वाली परेशानियों में भी उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा। शहर के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक शहरी स्वरूप को विकसित करने के उद्देश्य से भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह तय किया गया कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर निजी एजेंसी के माध्यम से बैकलिट यूनिपोल (Backlit Unipole) स्थापित किए जाएंगे। इससे शहर की दृश्यात्मक सुंदरता बढ़ेगी तथा सुव्यवस्थित विज्ञापन व्यवस्था के माध्यम से नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। इसी क्रम में, शहर के प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं आकर्षक वातावरण निर्माण के लिए लॉलीपॉप कियोस्क लाइट बोर्ड लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई। यह व्यवस्था न केवल रात्रिकालीन यातायात को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि शहर की सौंदर्यता को भी नई पहचान देगी।बैठक में लिए गए सभी निर्णयों का उद्देश्य मोतिहारी शहर को एक स्वच्छ, सुगम, सुरक्षित एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित करना है। नगर निगम मोतिहारी द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से आने वाले समय में शहर के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शहर के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

## पशु बाँझपन निवारण शिविर का सफल आयोजन

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय- 02 के अंतर्गत बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु आधारभूत व्यवस्थाओं के तहत राजकीय पशु चिकित्सालय, मोतिहारी के सौजन्य से नगर निगम क्षेत्र, मोतिहारी के वार्ड संख्या–01 के चैलाहाँ बाबू टोला में पशु बाँझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, पशु शल्य चिकित्सक मोतिहारी, डॉ. शम्भू शरण, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी लखौरा एवं डॉ. ब्रज किशोर शर्मा, पशु चिकित्सक एम.वी.यू., मोतिहारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पशु बाँझपन से बचाव के लिए पशुपालकों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पशुओं में बाँझपन के प्रमुख कारणों में मदचक्र की जानकारी का अभाव, कुपोषण, संक्रमण, जन्मजात दोष, प्रबंधन में त्रुटियाँ तथा हार्मोन असंतुलन शामिल हैं। इन समस्याओं के समाधान से ही पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है और पशु उत्पादकता में वृद्धि संभव है। शिविर के दौरान पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. शम्भू शरण, डॉ. ब्रज किशोर शर्मा एवं राज कुमार गुप्ता (पशुधन सहायक) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर बड़ी संख्या में पशुपालक, ग्रामीण, क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सुन्दरापुर लूट कांड का आरोपी गिरफ्तार, बाइक व नकदी बरामद

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** बीजधरी थाना क्षेत्र के सुन्दरापुर में 23 फरवरी को हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बबलू कुमार (उम्र करीब 20 वर्ष), पिता नागेंद्र राय, निवासी शंभूचक, थाना कल्याणपुर, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, केसरिया लूट कांड से संबंधित पहचान (आईडी) तथा 5500 रुपये नकद बरामद किए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बीजधरी थाना अध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि "सुन्दरापुर लूट कांड में शामिल अपराधी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक एवं लूट की रकम बरामद हुई है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। मामले में अन्य संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।" पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि बबलू कुमार के विरुद्ध कल्याणपुर थाना में पहले से कई मामले दर्ज हैं। इनमें कांड संख्या 400/23 (दिनांक 10 नवंबर 2023) में धारा 379 आईपीसी, कांड संख्या 409/23 (दिनांक 16 नवंबर 2023) में धारा 414/34 आईपीसी, तथा कांड संख्या 425/23 (दिनांक 27 नवंबर 2023) में धारा 399/402/414 आईपीसी के साथ 25(1-b)a/26/35 आर्म्स एक्ट एवं 8/20(ब)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इस कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### त्योहारों के मद्देनजर पुलिस सख्त, कुचायकोट में 5 डीजे जब्त



**बीएनएम @ गोपालगंज।** आगामी ईद, रामनवमी और चैती छठ पर्व को लेकर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुचायकोट थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 5 डीजे जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार बिना अनुमति डीजे संचालन, तेज ध्वनि प्रदूषण फैलाने और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कुचायकोट थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित डीजे सिस्टम को जब्त किया गया। पुलिस प्रशासन ने डीजे संचालकों और आमजन से अपील की है कि वे नियमों का पूर्णतः पालन करें और बिना अनुमति डीजे का उपयोग न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आयुर्विधा कार्यक्रम का सफल आयोजन, छात्रों को मिली स्वास्थ्य एवं औषधीय पौधों की जानकारी



**बीएनएम @ मोतिहारी।** राज्य आयुष समिति बिहार पटना के दिशा निर्देश एवं जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी के मार्गदर्शन में राजकीय मध्य विद्यालय केसरिया, राजकीय मध्य विद्यालय नागदाहा अरेराज एवं जयप्रभा प्रोजेक्ट प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय तथा पहाड़पुर में आयुर्विधा कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। डॉ. विनोद कुमार शर्मा नोडल पदाधिकारी, डॉ. प्रदीप कुमार मिश्रा, डॉक्टर शशिकला कुमारी, डॉ. राजीव कुमार पांडे, डॉक्टर गरिमा कुमारी, डॉक्टर अजहर आलम द्वारा दिनचर्या, ऋतुचार्य, योग एवं औषधियां पौधे की जानकारी सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दी गई सभी विद्यालय में औषधि पौधे का रोपण डॉक्टर जनार्दन प्रसाद सिंह जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सक तथा प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा की गई।

### सूखा नशा अभियान में बड़ी कार्रवाई, 270 ग्राम गांजा व 11.87 लाख रुपये के साथ एक गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने सूखा नशा अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चिरैया थाना क्षेत्र में नार्को डॉग की मदद से छापेमारी कर गांजा और भारी नकदी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना के नेतृत्व में चिरैया थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कटखरुआ गांव निवासी सुरेंद्र राय (पिता- शिवमंगल राय) के घर पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान 270 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया, साथ ही घर में रखे बक्से से 11,87,800 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी गांजा और नकदी के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और न ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत कर पाया। इसके बाद बरामद मादक पदार्थ और नकदी को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना, चिरैया थानाध्यक्ष, अन्य पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल तथा नार्को डॉग स्क्वॉड की टीम शामिल रही।

### बिजली विभाग के इंजीनियर पर ईओयू का शिकंजा

**आलीशान मकान और दस्तावेज खंगाले**

**बीएनएम @ दरभंगा।** दरभंगा में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे ईओयू की टीम सात वाहनों के साथ सदर थाना क्षेत्र के कबीरचक स्थित उनके आलीशान दो मंजिला मकान पर पहुँची। छापेमारी के वक्त अभियंता घर पर मौजूद नहीं थे, जिसके बाद टीम ने उनकी पत्नी और बेटियों से पूछताछ की और घर के कोने-कोने को खंगाला।जांच में यह बात सामने आई है कि मनोज कुमार रजक की संपत्ति उनकी वैध आय से लगभग 62 प्रतिशत अधिक है। इसी आधार पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दरभंगा, मधुबनी के जयनगर और सुपौल के पैतृक गाँव करजाईन में एक साथ छापेमारी की जा रही है। 2009 बैच के अधिकारी रजक वर्तमान में जयनगर प्रमंडल में पदस्थापित हैं। उनके करियर रिकॉर्ड के अनुसार, वे सिवान, झंझारपुर, समस्तीपुर और कटिहार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों और विभागीय चर्चाओं के अनुसार, झंझारपुर में पदस्थापना के दौरान उन्होंने दरभंगा में जमीन खरीदकर अपना मकान बनाया था।उन पर आरोप है कि हाई टेंशन कनेक्शन देने, ठेकेदारों के कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने और भुगतान प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं बरतकर उन्होंने यह अकूत संपत्ति अर्जित की है। छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य जब्त किए गए हैं। ईओयू के अधिकारी फिलहाल बरामदगी के विवरण पर चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन इस कार्रवाई से बिजली विभाग और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। पूरी जांच के बाद ही भ्रष्टाचार के इस मामले में संपत्ति का वास्तविक आंकड़ा स्पष्ट हो पाएगा।

### कल तक यंत्र नहीं खरीदे तो रद्द हो जाएगा परमिट

**पांचवे रेंडमाईजेशन में चयनित किए गए थे 466 गन्ना किसान**

**बीएनएम @ पटनाः** गन्ना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। गन्ना उद्योग विभाग ने गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत स्वीकृत परमिट के आधार पर कृषि यंत्रों की खरीद करने की अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित की है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस समय सीमा के भीतर यंत्र नहीं खरीदे गए, तो जारी किए गए परमिट स्वतः रद्द (निरस्त) हो जाएंगे।इस योजना का मुख्य उद्देश्य गन्ना किसानों को बुआई से लेकर कटाई तक के आधुनिक यंत्रों पर 50 से 60 प्रतिशत तक का भारी अनुदान उपलब्ध कराना है। विभाग द्वारा किए गए पाँचवें रेंडमाइजेशन में राज्य के 466 किसानों का चयन किया गया है, जिन्हें अनुदानित दर पर उपकरण खरीदने के लिए परमिट जारी किए जा चुके हैं। पूर्व में चयनित किसानों को भी इसी समय सीमा का पालन करना होगा। विभाग ने सभी चयनित किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक खरीदारी और पोर्टल पर प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि वे सरकारी सब्सिडी का लाभ उठा सकें।

# रामगढ़वा में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल, डॉ. रेयाजुल ने दिया भव्य इफ्तार

बीएनएम @ रामगढ़वा



**रामगढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र में प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. रेयाजुल द्वारा आयोजित दावत-ए-इफ्तार का कार्यक्रम आपसी एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की खूबसूरत तस्वीर पेश कर गया। इस मौके पर विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक ही दस्तरख्वान पर बैठकर रोजा इफ्तार करते नजर आए, जिससे गंगा-जमुनी तहजीब की झलक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में आध्यात्मिक जगत से लेकर राजनीति और समाजसेवा से जुड़े कई प्रमुख लोगों ने शिरकत की। इनमें इमाम इस्लाम, मुफ्ती जियाउल हक कासमी, रजाउर रहमान, बिनोद यादव, राजू भगत, विशाल गुप्ता, अरशद अली मुन्ना, मुखिया नसीबुल हक और मोहम्मद मूसा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. रेयाजुल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना धैर्य, त्याग और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने के साथ-साथ भेदभाव की दीवारों को खत्म करने का माध्यम बनते हैं। इफ्तार के बाद सभी उपस्थित लोगों ने देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की। अतिथियों ने डॉ. रेयाजुल की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

## महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि जी का जन्मोत्सव, भक्तों ने दी शुभकामनाएं



बीएनएम @ अरेराज

**अरेराज।** भगवान श्री सोमेश्वरनाथ महादेव के अनन्य उपासक एवं सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में समर्पित परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि जी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। अपने तप, त्याग और सेवा भाव के माध्यम से स्वामी जी ने न केवल चंपारण, बल्कि व्यापक स्तर पर समाज को आध्यात्मिक दिशा देने का कार्य किया है। उनकी प्रेरणादायी वाणी और सरल व्याख्यान शैली लोगों को धर्म, नैतिकता और संस्कारों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। सोमेश्वरनाथ धाम में उनके सानिध्य से श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास निरंतर सुदृढ़ हुआ है। वर्तमान भौतिकतावादी युग में उनका मार्गदर्शन समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर समाज सेवा के लिए शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## नवोदय परीक्षा में तेजप्रताप सिद्धू ने मारी बाजी, 97.5% अंक के साथ चयनित

बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि



**मोतिहारी/हरसिद्धि।** हरसिद्धि प्रखंड के भादा गांव के होनहार छात्र तेजप्रताप सिद्धू ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने गांव, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिद्धू ने 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इस प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। तेजप्रताप सिद्धू, भादा गांव निवासी मनीष कुमार ठाकुर और निप्पु कुमारी के बड़े पुत्र हैं। वे बचपन से ही मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्र रहे हैं। पढ़ाई के प्रति उनकी गंभीरता और निरंतर मेहनत का ही परिणाम है कि उन्होंने कठिन मानी जाने वाली इस परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल की। सिद्धू की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजन उसकी मेहनत और लगन को उसकी सफलता का प्रमुख कारण बता रहे हैं। वहीं, गांव के लोगों ने भी उसकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उसने अपने दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। सफलता की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग उसके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि सिद्धू की यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की।

## दस हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ लिपिक गिरफ्तार, निगरानी टीम की कार्रवाई

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्वी चंपारण जिले में एक सरकारी कर्मी को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवी कुमार चतुर्वेदी, निम्न वर्गीय लिपिक-सह-बड़ा बाबू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुर के रूप में हुई है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निगरानी थाना कांड संख्या 02/24/26, दिनांक 24 फरवरी 2026 के तहत यह कार्रवाई की गई। परिवादी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि आरोपी द्वारा भविष्य निधि से संबंधित कार्य कराने के एवज में 10,000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को 17 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुर स्थित उसके कार्यालय कक्ष से 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे निगरानी थाना, पटना लाया गया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक भ्रष्टाचार से जुड़े 32 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 22 आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कुल 8,72,000 रुपये की रिश्वत राशि भी बरामद की गई है।

## भूमि सुधार एव राजस्व मंत्री के आदेश को नहीं मानते भूमाफिया, जमीन अतिक्रमण कर किया जा रहा अवैध निर्माण

» डुमरी गोविंद छोटका बलुआ का है मामला भूमाफियाओं द्वारा जबरन जमीन कब्जा कर किया जा रहा है अवैध निर्माण कार्य

बीएनएम @ पताही @ श्रीनिवास कुमार



**पताही।** बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा के तमाम कोशिशें के बावजूद भू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा दबंगई एवं दूसरे व्यक्ति के जमीन को अतिक्रमण कर निर्माण करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है जिसका जीता जागता मामला पताही प्रखंड क्षेत्र के बलुआ जुल्फेकाराबाद पंचायत के डुमरी गोविंद छोटका बलुआ का मामला प्रकाश में आया है. आपको बता दे की डुमरी गोविंद छोटका बलुआ गांव निवासी विश्वनाथ सिंह, संजय सिंह, विजय सिंह के नाम से हुई बख्शीश नामा जमीन पर गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है इस संबंध में विश्वनाथ सिंह एवं संजय सिंह के द्वारा अंचला अधिकारी को आवेदन देकर भू माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर अवैध तरीके से की जा रही निर्माण कार्य पर रोक लगाने के मांग किया गया है. वही पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि खाता संख्या- 193 खेसरा संख्या- 760 रखवा एक कट्ठा 11 धुर जमीन शंभू सिंह के द्वारा 25/09/1986 को विश्वनाथ सिंह के नाम पर वख्शीशनामा किया गया था ! उक्त जमीन पर गांव के ही बिकाऊ सिंह पिता- स्वर्गीय सुखदेव सिंह एवं अंशु कुमारी पिता बिकाऊ सिंह के द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है ! पीड़िता द्वारा रोक लगाने पर बिकाऊ सिंह एवं अंशु कुमारी के द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए जिसको लेकर पीड़िता द्वारा अंचला अधिकारी को आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया गया है ! अब देखना यह है कि ऐसे परिस्थिति में पदाधिकारी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों से जमीन मुक्त कर पाती है या घटना घटने का इंतजार कर रही है ! वही इस संबंध में सूचना मिलते हैं थाना अध्यक्ष बबन कुमार के द्वारा गश्ती दल भेज कर मामले की जांच कराई गई एवं दोनों पक्ष को अपने-अपने कागजात लेकर थाने में बुलाया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जल महोत्सवः महिला पंप ऑपरेटर्स को किया गया सम्मानित

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका की ओर से जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और कार्यपालक अभियंता आनंद कुमार चंदन ने महिला पंप ऑपरेटर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक अभियंता बजरंग बली साह, अमरेश कुमार एवं अंकित कुमार के साथ जिला समन्वयक सुहृति कुमारी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जल संरक्षण, स्वच्छता और ग्रामीण जल योजनाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जल योजनाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से इनका संचालन अधिक प्रभावी होगा और गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही, इस पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।



## अरेराज में पीडीएस दुकानों का निरीक्षण, एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश



बीएनएम @ मोतिहारी/अरेराज

**मोतिहारी / अरेराज।** अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज अंजली शर्मा ने सोमवार को सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकानों की व्यवस्था और खाद्यान्न वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया। इस क्रम में सभी विक्रेताओं को निर्धारित समय पर दुकान खोलने, लाभार्थियों को तय मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा छूटे हुए सभी चयनित लाभुकों का ई-पॉस मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने मुफस्सिल थाना का किया निरीक्षण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया।** पुलिस अधीक्षक पश्चिम चंपारण डॉ. शौर्य सुमन द्वारा सोमवार को मुफस्सिल थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना के विभिन्न महत्वपूर्ण शाखाओं और अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई। इस क्रम में एसपी ने मालखाना, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, वायरलेस कक्ष, थाना परिसर एवं आवासीय बैरक का विधिवत निरीक्षण किया। साथ ही अपराध निर्देशिका पार्ट-1, पार्ट-2, पार्ट-3, डकैती पंजी, लूट पंजी, गुंडा पंजी सहित अन्य अभिलेखों में की गई प्रविष्टियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने लंबे समय से लंबित हत्या, लूट एवं डकैती से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने वारंट एवं कुर्की की प्रक्रिया तेज कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर लगातार निगरानी रखने को कहा। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, नगर एवं मुफस्सिल थाना के पर्यवेक्षी पदाधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# अमेरिका की बेपरवाही की मिसाल

भारत के अतिथि जहाज को भारतीय जल क्षेत्र के करीब डुबो देना भारत की प्रतिष्ठा के प्रति अमेरिका की बेपरवाही की मिसाल है। इसलिए इस घटना पर भारत को औपचारिक विरोध एवं आपत्ति अवश्य दर्ज करानी चाहिए।

ईरान पर अमेरिका- इजराइल के हमले से पश्चिम एशिया में शुरू हुए युद्ध की आंच बुधवार को भारत तक पहुंच गई, जब भारतीय जलसीमा के करीब ईरान के जहाज इरिस देना को अमेरिका ने डुबो दिया। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीटर हेगसेट ने इसे अपने देश की एक बड़ी सैन्य सफलता के रूप में पेश कर इस बारे में कोई भ्रम नहीं रहने दिया कि ये कार्रवाई योजनाबद्ध ढंग से की गई। अमेरिका ने ऐसा करने को सोचा, यह भारत के प्रति उसके तौहीनी नजरिए का परिचायक है। आखिर वो जहाज भारतीय नौसेना के अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा कार्यक्रम- मिलन- में भाग लेने भारत के आमंत्रण पर आया था। विशाखपत्तमन में इस कार्यक्रम में भाग लेकर वह लौट रहा था।

ईरान ने कहा है कि चूंकि जहाज युद्ध से बाहर के क्षेत्र से गुजर रहा था, अतः उसकी हथियार प्रणालियों को "सुरक्षित एवं निष्क्रिय" मोड में रखा गया था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है- 'हम मान कर चल रहे थे कि हम दोस्ताना जल क्षेत्र में हैं, अतः जहाज पर सवार अधिकांश लोग समारोहों में भाग लेने वाले गैर लड़ाकू कर्मचारी थे।' डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ऐसे जहाज पर हमला करने को सोचा, यह तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मर्यादाओं को ठेंका दिखाने के उसके नजरिए मेल खाता है। मगर ऐसा भारत के अतिथि जहाज के साथ भारतीय जल क्षेत्र के करीब करना भारत की चिंताओं के प्रति उसकी असंवेदनशीलता की भी मिसाल है। इसलिए इस घटना पर भारत को औपचारिक विरोध एवं आपत्ति दर्ज करानी चाहिए। दुनिया में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने की सबसे पहली शर्त खुद अपनी प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहना होता है। वेनेजुएला और ईरान के मामलों में अंतरराष्ट्रीय नियमों के पक्ष में आवाज ना उठा कर भारत ने पहले ही अपनी अंतरराष्ट्रीय हैसियत की अनदेखी की है। मगर अब बात सैद्धांतिक रुख तय करने की नहीं, बल्कि अपने मामले में बोलने की है। कम-से-कम यह अवश्य कहा जाना चाहिए कि अमेरिका अपने युद्ध की आंच हम तक पहुंचाए। भारत के क्षितिज पर वैसे ही अमेरिकी युद्ध के आर्थिक दुष्परिणामों का अंदेशा सघन होता जा रहा है।

# इन बेगुनाह मासूम स्कूली बच्चियों के खून का कौन जिम्मेदार?



मनोज कुमार अग्रवाल

ईरान में एक स्कूल में 165 बच्चियां क्लास पढ़ाई के लिए मौजूद थी लेकिन उन्हे इस बात का गुमान नही रहा होगा कि प्रभुत्व की सनक में दुनिया के कथित ताकतवर देश की अंधी मिसाइल उनके जीवन का खात्मा कर देंगी। स्कूल पर हुए मिसाइल हमले को लेकर अब पेंटागन की शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में संकेत मिले हैं कि 28 फरवरी को ईरान के मिनाब शहर में स्थित शजराह तैय्यबेह स्कूल पर हुआ हमला दरअसल अमेरिकी सेना की एक गंभीर गलती का नतीजा था। जांच के मुताबिक अमेरिकी सेना उस इलाके में एक ईरानी नौसैनिक ठिकाने को निशाना बना रही थी। लेकिन टार्गेट तय करते समय पुराने और गलत टार्गेटिंग डेटा का इस्तेमाल किया गया। इसी वजह से दागी गई टॉमहॉक क्रूज मिसाइल अपने असली लक्ष्य से भटक गई और सीधे स्कूल की इमारत से जा टकराई।

माना जाता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआइ ने जीवन के अनेक क्षेत्रों में काम को काफी आसान बना कर अच्छा अनुभव दिया है। मैडिकल, लीगल और एजुकेशन जैसे सैक्टर्स में डाटा संग्रहण और त्वरित गणना की सुविधा से कई अच्छे कार्य हो रहे हैं लेकिन इसी बीच ईरान युद्ध के दौरान अमरीका द्वारा किए गए ए. आई. के इस्तेमाल और इस निशाने में हुई चूक के कारण हुई स्कूली बच्चियों की मौत ने दुनिया में दहशत की इबारत लिख ममदी है।

शुरुआती जांच में माना गया है कि यह हमला जानबूझकर नहीं किया गया था, बल्कि खुफिया जानकारी और टार्गेटिंग सिस्टम में हुई चूक के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद अमेरिकी सैन्य तंत्र के अंदर भी टार्गेटिंग प्रक्रिया और डेटा की सटीकता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वहीं इस हमले को लेकर जो खुलासा सामने आ रहा है उसमे गंभीर चूक का अनुमान है पुरानी इंटेलिजेंस की वजह से शायद अमेरिका ने ईरान के एक एलिमेंट्री स्कूल पर जानलेवा मिसाइल हमला किया, जिसमें लड़ाई के शुरुआती घंटों में 165 से ज्यादा लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर बच्चे थे। स्कूल पर बमबारी और उसमें बच्चों की मौत युद्ध का मुख्य मुद्दा बन गई है। अगर यह कन्फर्म हो जाता है कि यह यूएस के हाथों हुआ था, तो यह पिछले दो दशकों में अमेरिकी मिलिट्री ऑपरेशन की वजह से हुई सबसे ज्यादा आम लोगों की मौत की घटनाओं में से एक होगी।

दरअसल अग्रणी ए.आई. कंपनी एंथ्रोपिक ने इस साल जनवरी ही में पेंटागन के उस अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया, जिसके तहत अमरीकी सेना को सभी वैध उद्देश्यों के लिए उसकी तकनीक तक असीमित पहुंच मिल जाती। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए, एंथ्रोपिक के सी.ई.ओ. डारियो अमोदेई ने 2 स्पष्ट शर्तें रखीं-अमरीकियों की बड़े पैमाने पर जासूसी नहीं की जाएगी और मानवीय निगरानी के बिना पूरी तरह से स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल युद्ध में नहीं किया जाएगा। इस निर्णय से एंथ्रोपिक को भारी नुकसान हुआ, परन्तु प्रतिद्वंद्वी कंपनी ने तुरंत पेंटागन के साथ मानव नियंत्रण के बिना पूर्ण ए.आई. नियंत्रण के लिए समझौता कर लिया। इस समझौते के बाद अमरीका और इसराईल ने ईरान के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू कर दिया। युद्ध के पहले ही दिन 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और उनके 10 टॉप कमांडरों की हत्या उनके परिसर में कर दी गई, जिसे दोनों देशों ने ए.आई. पर्शियन हमले की एक बड़ी जीत माना।लेकिन उसी दिन, 28 फरवरी को, एक और घातक हमला मीनाब में स्थित शजराह तैयबा गर्ल्स स्कूल पर भी किया गया। 2 मिसाइलों ने 45 सैकेंड में स्कूल को नष्ट कर दिया था। मीनाब में जो हुआ, वह ए.आई. के अंधाधुंध उपयोग का सबसे भयावह उदाहरण है।

यह एक अक्षम्य पाप है जब शजराह तैयबा गर्ल्स प्राइमरी स्कूल, जिसमें 165 से अधिक मासूम बच्चियां मौत से लड़ती, चीखती-चिल्लाती रहीं, तकनीकी भाषा में इसे सटीक हमला कहा गया। जबकि ट्रम्प यह दावा कर रहे हैं कि लड़कियों के स्कूल पर ईरान ने टोमहॉक मिसाइल से हमला किया था, जबकि सभी जानते हैं कि ईरान के पास यह मिसाइल नहीं है, यहां तक कि इसराईल के पास भी नहीं है, इसलिए उनके द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाए गए झूठ से सच को छिपाने का काम किया जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरू में हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया, बाद में कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि कौन दोषी है, और फिर कहा कि वह पेंटागन की जांच के नतीजों को मान लेंगे। यह हाल ही में यह मामला और ज्यादा पेचीदा हो गयी जब न्यूयॉर्क टाइम्स ने पहली बार रिपोर्ट किया कि शुरुआती जांच में पाया गया कि यूएस जिम्मेदार है। शुरुआती नतीजों के बाद पेंटागन से तुरंत और जानकारी मांगी गई। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि जांच अभी भी चल रही है।

28 फरवरी को शजारेह तैयबेह एलिमेंट्री स्कूल पर हुआ हमला, जो ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के पास के बेस के पास है। हमले के लिए अमेरिका की जिम्मेदारी की ओर इशारा करते हुए सबूत बढ़ रहे हैं। ऐसे कई संकेत हैं जिससे पता चलता है कि स्कूल पर हमला टाला जा सकता था। ये हमले 28 फरवरी की सुबह हुए थे। तब स्कूल की बिल्डिंग छोटे बच्चों से भरी हुई थी। न्यूज रिपोर्ट से पता चलता है कि स्क और उसी दिन हमले वाले दूसरे टारगेट, हवा से दिखने वाली ऐसी खासियतें थीं जिनसे हमले से पहले उन्हें सिविलियन साइट के तौर पर पहचाना जा सकता था। इस हमले के वीडियो में एक्सपर्ट्स ने अमेरिका में बनी टॉमहॉक क्रूज मिसाइल को मिलिट्री कंपाउंड में टकराते हुए देखा जा सकता है। जबकि उस इलाके से पहले से ही धुआं उठ रहा था जहां स्कूल था।

पब्लिक में मौजूद सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि स्कूल बिल्डिंग लगभग 2017 तक मिलिट्री कंपाउंड का हिस्सा थी, जब दोनों को अलग करने के लिए एक नई दीवार बनाई गई। प्रॉपर्टी पर एक वॉचटावर भी हटा दिया गया था। उसी समय की तस्वीरों से पता चलता है कि बिल्डिंग के चारों ओर की दीवारों पर चमकीले रंगों, खासकर नीले और गुलाबी रंग के म्यूरल बनाए गए थे। ये इतने चमकीले थे कि वे स्पेस से भी दिखाई देते हैं। स्कूल को ऑनलाइन मैप पर साफ तौर पर लेबल किया गया था और इसकी एक आसानी से मिलने वाली वेबसाइट है जिसमें स्टूडेंट्स, टीचर्स और एडमिनिस्ट्रेटर्स के बारे में जानकारी भरी हुई है। युद्ध को कंट्रोल करने वाला इंटरनेशनल कानून उन स्ट्रक्चर्स, गाड़ियों और लोगों पर हमले करने से रोकता है जो मिलिट्री के निशाने और लड़ाके नहीं हैं। आम लोगों के घर, स्कूल, मेडिकल और सामाजिक जगहें आम तौर पर मिलिट्री हमलों के लिए बंद रहती हैं। बताया जा रहा है कि यह सारा मामला एआइ की चूक से हुआ है दरअसल 10 साल पहले इस क्षेत्र पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आई.आर.जी.सी.) ईरानी सशस्त्र बलों का एक सैन्य परिसर था।लेकिन डाटाबेस अपडेट न होने के कारण ए.आई. को यह मालूम नहीं पड़ा कि अब उसी स्थान पर बाईं ओर एक अस्पताल और दाईं तरफ एक अलग प्रवेश द्वार वाला स्कूल मौजूद है। ए.आई. एल्गोरिद्म यह भी समझने में नाकाम रहा कि 7 से 12 साल की बच्चियां दुश्मन नहीं होतीं। एक मशीन के लिए वे केवल कोलेटरल डैमेज थीं। यह घटना साबित करती है कि जब हम युद्ध का पूर्ण नियंत्रण ए. आई. को देते हैं, तो हम युद्ध के मैदान से दया और विवेक को पूरी तरह से खत्म कर देते हैं।ए.आई. आधारित व्यापक निगरानी हमारी मौलिक स्वतंत्रताओं के लिए गंभीर और नए प्रकार के खतरे पैदा कर सकती है।

किंग्स कॉलेज लंदन की रिसर्च ने पहले ही चेतावनी दे दी है कि उन्नत ए. आई. मॉडल्स युद्ध की स्थिति में 95 प्रतिशत बार परमाणु विकल्प या अत्यधिक आक्रामकता को चुनते हैं। मशीनों के लिए जीत ही एकमात्र लक्ष्य है, चाहे उसकी कीमत पूरी दुनिया का विनाश ही क्यों न हो। अगर हम आज ए.आई. को रक्षा क्षेत्र और समाज में खुली छूट देते हैं, तो हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां युद्ध का फैसला जनरल नहीं, बल्कि एक कोडिंग प्रोग्राम करेगा। लोगों की सुरक्षा ए.आई. डाटा का विश्लेषण करेगा! लेकिन ट्रिगर पर उंगली और समाज का नियंत्रण हमेशा एक इंसान का ही होना चाहिए। क्या विश्व में लोकतंत्र का झंडाबरदार अमेरिका 165 बेगुनाह बच्चियों के नृशंसता पूर्ण हत्या का गुनाह कबूल करेगा? क्या इन मासूमों की हत्या का कोई अनुतोष हो सकता है? क्या यह नपुंसकता किसी देश को ताकतवर करार दे सकती है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# पांच राज्यो में चुनावी बिगुल



कांतिलाल मांडोत

**एसआईआर की आंधी में बंगाल की सियासत क्या ममता का किला डगमगाएगा और क्या भाजपा बना सकती है नई जमीन**

पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही देश की राजनीति का केंद्र एक बार फिर पूर्वी भारत बन गया है। असम केरल तमिलनाडु पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव केवल सरकार बदलने की लड़ाई नहीं हैं बल्कि कई बड़े राजनीतिक संदेश भी तय करेंगे। इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा जिस राज्य को लेकर हो रही है वह पश्चिम बंगाल है। इसकी वजह है मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर और उसके बाद लाखों नामों का कटना। यही प्रक्रिया इस चुनाव को पहले से कहीं अधिक कठिन बना रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी फिर सरकार बना पाएंगी या भाजपा इस बार अपनी बढ़त को सत्ता में बदल सकती है।

एसआईआर प्रक्रिया इस चुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना बनकर सामने आई है। पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग साठ लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी लाखों नामों की जांच जारी है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया से उनके पारंपरिक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाया गया है। खासकर अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बड़ी संख्या में नाम हटने से ममता बनर्जी इसे बंगाल की अस्मिता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़कर देख रही हैं। ममता बनर्जी इस मुद्दे को सीधे केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार बना रही हैं। उनका दावा है कि यह प्रक्रिया बंगाल की जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है। इसी कारण वह अपने चुनावी अभियान में बार बार बांग्ला अस्मिता की बात उठा रही हैं। पिछले चुनावों में भी उन्होंने इसी भावनात्मक मुद्दे के जरिए भाजपा को चुनौती दी थी। इस बार भी उनका भरोसा इसी रणनीति पर है। उनके लिए यह चुनाव केवल सत्ता बचाने का नहीं बल्कि राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। हालांकि स्थिति इस बार पहले से अलग है। पिछले पांच वर्षों में ममता सरकार पर कई भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। शिक्षक भर्ती घोटाला कोयला तस्करी और अन्य मामलों में कई बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई। इससे सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा है। विपक्ष इन मामलों को लगातार चुनावी मुद्दा बना रहा है। भाजपा और वाम कांग्रेस गठबंधन दोनों ही इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इन आरोपों की चर्चा है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने अपनी राजनीतिक रणनीति को सामाजिक योजनाओं पर केंद्रित रखा है। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता बढ़ाना युवा साथ योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को मासिक भत्ता देना और अन्य कल्याणकारी योजनाएं उनके अभियान का मुख्य हिस्सा हैं।


पिछले चुनाव में महिला वोटरों का बड़ा समर्थन उन्हें मिला था। इस बार भी वह उसी समर्थन को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देना उनके चुनावी अभियान का केंद्रीय संदेश बन चुका है। फिर भी चुनावी समीकरण पूरी तरह उनके पक्ष में दिखाई नहीं देते। एसआईआर प्रक्रिया के कारण मतदाता सूची से नाम कटने का प्रभाव कई सीटों पर पड़ सकता है। यदि वास्तव में बड़ी संख्या में तृणमूल समर्थक मतदाता सूची से बाहर हुए हैं तो इसका सीधा असर चुनाव परिणाम पर पड़ सकता है। यही कारण है कि ममता बनर्जी इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहा है और कानूनी स्तर पर इसकी समीक्षा भी हो रही है। दूसरी ओर भाजपा इस चुनाव में पहले से अधिक मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तर से अधिक सीटें जीतकर राज्य में मजबूत विपक्ष की भूमिका हासिल की थी। तब से पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व भी बंगाल पर विशेष ध्यान दे रहा है। भाजपा की रणनीति दो स्तर पर काम कर रही है। पहला स्तर है पहचान की राजनीति जिसमें राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मुद्दों को प्रमुखता दी जा रही है। दूसरा स्तर है भ्रष्टाचार के आरोपों के माध्यम से तृणमूल सरकार को घेरना। भाजपा को इस बार कुछ नए राजनीतिक अवसर भी मिल रहे हैं। वाम और कांग्रेस का गठबंधन अभी भी अपने पुराने जनाधार को पूरी तरह वापस नहीं ला पाया है। इससे विपक्षी वोटों का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर जा सकता है। कई क्षेत्रों में भाजपा खुद को तृणमूल के मुख्य विकल्प के रूप में स्थापित करने में सफल रही है। यही कारण है कि कई विश्लेषक मानते हैं कि भाजपा की सीटों में इस बार और वृद्धि हो सकती है।

इसके अलावा केंद्र और राज्य के बीच राजनीतिक टकराव भी भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बन रहा है। भाजपा यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि राज्य में विकास के लिए केंद्र और राज्य की एक ही राजनीतिक धारा होना जरूरी है। बुनियादी ढांचे रोजगार और निवेश जैसे मुद्दों को भी पार्टी प्रमुखता से उठा रही है। बंगाल के औद्योगिक विकास की धीमी गति को भाजपा अपने अभियान में बार बार सामने ला रही है।

फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ममता बनर्जी की सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी। बंगाल की राजनीति में उनका व्यक्तिगत प्रभाव अभी भी बहुत मजबूत है। ग्रामीण क्षेत्रों में तृणमूल का संगठन गहराई तक फैला हुआ है। पंचायत स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत मानी जाती है। यही कारण है कि कई कठिन परिस्थितियों के बावजूद ममता बनर्जी ने पिछले चुनावों में अपनी स्थिति बनाए रखी है। ममता की सबसे बड़ी ताकत उनका करिश्माई नेतृत्व और जमीनी राजनीति है। वह लगातार लोगों के बीच जाकर अपनी छवि एक संघर्षशील नेता के रूप में बनाए रखती हैं। बांग्ला अस्मिता का मुद्दा भी उनके लिए मजबूत राजनीतिक हथियार है। यदि वह इस भावनात्मक मुद्दे को सफलतापूर्वक जनता तक पहुंचा पाती हैं तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं।

भ्रष्टाचार के आरोप एसआईआर प्रक्रिया से उपजा विवाद और भाजपा की बढ़ती संगठनात्मक ताकत इन सबका संयुक्त प्रभाव चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकता है। यदि विपक्षी वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में एकजुट होता है तो तृणमूल के लिए चौथी बार सत्ता मां वापसी आसान नहीं होगी।इस तरह पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक बन सकता है। एक तरफ ममता बनर्जी अपनी राजनीतिक विरासत और सत्ता बचाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। दूसरी तरफ भाजपा इस अवसर को राज्य में पहली बार सत्ता तक पहुंचने के रूप में देख रही है। एसआईआर प्रक्रिया ने इस मुकाबले को और भी जटिल बना दिया है। आने वाले हफ्तों में चुनावी अभियान और तेज होगा और इसी के साथ यह भी स्पष्ट होगा कि बंगाल की जनता बदलाव चाहती है या फिर ममता बनर्जी को एक और मौका देना चाहती है।

(L 103 जलवन्त टाऊनशिप पूणा बॉम्बे मार्केट रोड, नियर नन्दालय हवेली सूरत मो 99749 40324 वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार स्तम्भकार)






**मेष राशि** : आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

**वृष राशि** : आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिम्मेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन खुशियों भरा रहने वाला है। आज आपका मन नये काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। पार्टनर से प्यार और सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स को अपने टिंटबले को आज मैनेज करने की बहुत जरूरत है ताकि पढ़ाई पर अच्छे से ध्यान केंद्रित हो पाएं।

**कर्क राशि** : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिलने के योग हैं। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं। कोई भी फैसला सोच – समझकर लें।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार का सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फूड खाएं। बच्चों के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है।

**कन्या राशि** : आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने में व्यस्त रहेगा। पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोल-भाव पर लाभ अधिक होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए नए अनुभव लेकर आएगा। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे और आप कुछ नए प्रतिभाशाली लोगों मिलेंगे। आज अपने आप को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके द्वारा बहुत पहले बनाए गए प्लान में जरूरी बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन लाभ का योग बन रहा है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान बढ़ेगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सामने रुक नहीं सकेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय मे वृध्दि होगी।

**धनु राशि** : आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान – सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। माता के साथ संबंध मधुर रहेंगे। बिजनेस में पिता को सहयोग करेंगे।

**मकर राशि**: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी आज का दिन उनके अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद से अधिक सफलता मिलेगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से वार्तालाप होगी। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें, अपने स्वास्थ्य को राहत देने के लिए ये डिसीजन ठीक होगा।

**मीन राशि** :आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। परीक्षा में आज अप्रत्याशित परिणाम मिलने से आपको बहुत प्रसन्नता होगी। संतान के करियर संबंधी चिंताएं दूर होंगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं। पूरा दिन एंजॉय से भरा रहेगा। सरकारी ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं। आज आपका कुछ नए लोगों से संपर्क होगा।

# आज युद्ध के माहौल में शान्ति की जरुरत

संजय गोस्वामी

मनुष्य के भीतर एक प्रक्रिया सतत चलती रहती है, जिसे वह अक्सर छिपाता रहता है। जब हमारे भीतर जमा भावनाएँ, जैसे पछतावा, थकान, डर या कोई पुराना दर्द, बाहर आने लगती हैं तो हमें लगता है कि यह हमारी कोई कमजोरी है। लेकिन सच्चाई यह है कि यह एक सफ़ाई की प्रक्रिया है। जैसे शरीर को कभी-कभी विष बाहर निकालना पड़ता है, वैसे ही मन को भी पुराने बोझ छोड़ने पड़ते हैं। अगर हम इनको दबाते रहेंगें तो वह और गहरी/ जड़ें पकड़ते चले जाएँगे। बाहरी कपड़े, चाल-ढाल और बाहरी रूप भी व्यक्ति के भीतर की स्थिति से जुड़े होते हैं। जब हम खुद/स्वयं का सम्मान करते हैं, तो हमारे चलने-बैठने में भी एक संतुलन दिखाई देता है। तब हम खुद को बिखरने नहीं देते। यह कभी किसी दिखावे के लिए नहीं होता, बल्कि इसलिए कि हम अपने भीतर की जगह को गंभीरता से ले रहें हैं। ध्यान रहे कि यदि भीतर तांडव चल रहा है तो बाहर भी स्थिति भी यही प्रदर्शित करती है और इसी प्रकार भीतर का संतुलन बाहर भी प्रक्षेपित होने लगता है। दाएं तरफ नाक से सांस आ रही हो तो मन में कहें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश आप शांति के सागर हैं ! आप कहें इस समय सारे विश्व में जो व्यक्ति, जीव, जन्तु दाएं नाक से सांस ले रहे हैं वे सभी शांत हैं शांत हैं ! आप के संकल्प साँस द्वारा इन सभी को जा रहे हैं और वापिस भी आ रहे हैं ! आप को शक्ति और शांति महसूस होगी ! आप के घर में जो बच्चे हैं, बड़े हैं चाहे उन से विचार मिलते हैं या नही, उन्हें दाएं नाक की तरफ देखें और कहें आप शांत हैं शांत हैं, मेरे सभी पूर्वज आप भी शांत हैं ! दूसरे कोई भी व्यक्ति याद आएं उन्हें भी कहें आप शांत हैं शांत हैं ! जहाँ भी आप मुखियां है उन सब लोगो को कहें आप शांत हैं शांत हैं ! आप पढ़ रहे हैं , कोई कार्य कर रहे हैं उस समय भी दाएं नाक की तरफ देखते हुए मन में कहते रहें मैं शांत हूं शांत हूं ! आप के संकल्प सांस द्वारा उन के आस पास की वायु में कम्पन उत्पन करते हैं और वह भी आप के लिये वही सोचने लगते हैं ! आज खाड़ी देश में युद्ध चल रहा है ऐ भी एक आपदा है जैसे कहीं बाढ आ जाती है, भूकम्प आ जाता है, कोई दंगा हो जाता है, कोई बुरी घटना घट जाती है, उन्हें आप टीवी या मोबाइल में देखते हैं, उन सब को भी दाएं साँस की तरफ देखते हुए कहें आप शांत हैं शांत हैं !शांत, सौम्य और शक्तिशाली, भगवान राम का यह रूप हमें जीवन के हर मोड़ पर सही मार्ग चुनने की प्रेरणा देता है। श्री राम केवल एक राजा या योद्धा नहीं थे, बल्कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में पूरे विश्व में पूजनीय हैं। उनके नाम के स्मरण मात्र से जीवन में शांति, भक्ति, और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।आज गैस की किल्लत से आप घबरा गए सोचो भगवान राम ने 14 वर्ष जंगल में क्या खाये होंगे श्री राम का मार्ग संकटो से घिरा जरूर है लेकिन ऐ आपको अंदर से मज़बूत बनाता है राम के नाम का विशेष महत्व है। इस स्तुति का पाठ करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शक्ति, आत्मिक बल और भक्ति का वरदान प्राप्त होता है। श्री राम केवल एक राजा या योद्धा नहीं थे, बल्कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में पूरे विश्व में पूजनीय हैं। उनके नाम के स्मरण मात्र से जीवन में शांति, भक्ति, और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्री राम के दयालु, न्यायप्रिय, मर्यादा का पालन करने वाले और भक्तवत्सल स्वरूप का गौरवगान करती है। इस स्तुति में भगवान श्री राम को चराचर जगत के स्वामी, सर्वशक्तिमान और कल्याणकारी देवता के रूप में वर्णित किया गया है। इसे पढ़ने और सुनने से मन और हृदय को शांति मिलती है। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने विभिन्न छंदो में श्री राम की स्तुति का उल्लेख मिलता है। श्री राम के ध्यान से जीवन में कई शुभ परिवर्तन लाता है। यह स्तुति केवल भक्ति का ही प्रतीक नहीं बल्कि यह हमारे मन, विचार और कर्मों को भी शुद्ध करती है। इसका महत्व इस प्रकार है – आध्यात्मिक उन्नति – यह ध्यान आपके आत्मा को शुद्ध करता है और मन को शांत करता है। नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा – श्री राम के नियमित ध्यान से नकारात्मक शक्तियाँ दूर होती हैं। मानसिक शांति – यह नाम तनाव और चिंता को कम करता है और व्यक्ति को मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। परिवार में सुख-शांति – श्री राम का नाम लेने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। संकटों से रक्षा – यह नाम जीवन की बाधाओं और कष्टों को दूर करता है। कर्मों की शुद्धि – श्री राम के गुणों का वर्णन हमें मर्यादा और सच्चाई का पालन करने के लिए प्रेरित करता है।

1. मानसिक और आत्मिक शांतिः श्री राम के नाम से मन में शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह नकारात्मक विचारों को दूर करता है और ध्यान एवं साधना को गहरा बनाता है। 2. बुरी शक्तियों से रक्षाः श्री राम का नाम नकारात्मक शक्तियों और दुष्ट आत्माओं से सुरक्षा प्रदान करता है। यह व्यक्ति के चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा का कवच बनाता है। 3. कष्टों और विपत्तियों का नाशः भगवान राम का नियमित पाठ जीवन में आने वाली परेशानियों को कम करता है और सभी संकटों का निवारण करता है। 4. भाग्य में वृद्धिः भगवान श्री राम के ध्यान से व्यक्ति के भाग्य का उदय होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।इसलिए कहाँ क्या हो रहा है कौन लड़ रहा है ऐ सब टीवी पर देखकर और दिमाग़ ख़राब होगा, शांत रहे घबराए नहीं बुद्धि से काम ले आप अपना देखें और अपने देश के लिए करें खाड़ी युद्ध में सब आपस में ही लड़ रहें हैं तो कौन सा धर्म का पालन हो रहा है इसलिए धर्म है मानवता और शान्ति, युद्ध नहीं इसमें किसी को नुकसान हो या ना हो निर्दोष लोगों की जान जाती है कौन जिन्दा है या कौन मरा इससे क्या लेना देना अच्छा करेंगे तो अच्छा होगा बुरा करेंगे तो बुरा होगा युद्ध में क़ोई जीतता नहीं है नुकसान ही नुकसान होता है इसलिए संयम और बड़बोलापन ही आग में घी डालने का काम करता है इसलिए आज विश्व शान्ति की जरुरत है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार बोले- रोहित से सीखा है शांत रहकर कप्तानी करना

एजेंसी, मुम्बई



भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अपने कुशल कप्तानी के लिए चर्चाओं में बने हुए हैं। अब तक उनकी कप्तानी में भारतीय टीम की जीत का रिकार्ड सबसे अच्छा रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण सूर्यकुमार के शांत स्वभाव को भी माना जाता है, चाहे टीम से कोई गलती ही क्यों न हो जाए वह भड़कते नहीं है। इस पर उन्होंने बताया कि उन्होंने यह तरीका पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से सीखा है। सूर्या ने कहा कि जब वह रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते थे, तब उन्होंने देखा कि रोहित की प्रतिक्रिया हर परिस्थिति में एक जैसा रहती थी। वह गुस्सा करने के बजाय स्थिति को शांत तरीके से संभालते थे।सूर्यकुमार यादव का मानना है कि कप्तान का काम खिलाड़ियों पर दबाव बनाना नहीं बल्कि उन्हें आत्मविश्वास देना होता है।उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी जानबूझकर कैच नहीं छोड़ता या खराब गेंद नहीं डालता। हर खिलाड़ी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता है। अगर गलती हो जाती है तो कप्तान और टीम का काम उसे सुधारने में मदद करना होता है।

हालांकि सूर्यकुमार ने साफ किया कि वह व्यक्तिगत आंकड़ों या रिकॉर्ड पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। उनके मुताबिक असली महत्व टीम की जीत का होता है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं है और यही सोच टीम के बाकी खिलाड़ियों में भी दिखाई देती है। सूर्या का मानना है कि जब पूरी टीम एक ही लक्ष्य और सोच के साथ मैदान पर उतरती है, तभी ऐसे शानदार परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। सूर्या की कप्तानी में टीम ने कुल 52 मैच खेले हैं, जिनमें से 42 मुकाबलों में जीत हासिल की है। भारत को सिर्फ 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि 2 मुकाबले बिना किसी परिणमा के समाप्त हुए। इस तरह टीम का जीत प्रतिशत 80 फीसदी से भी अधिक है। टी20 जैसे फॉर्मेट में इतना प्रभावशाली रिकॉर्ड किसी भी कप्तान के लिए बेहतरीन माना जाता है।

## मैंने हमेशा अपने को मशाल थामने वाले के तौर पर देखा : द्रविड़

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नमन समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित पूर्व कप्तान और मुख्य कोच कप्तान राहुल द्रविड़ ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट का हिस्सा रहना उनके लिए सम्मान की बात है। द्रविड़ के कोच रहते ही भारतीय टीम ने साल 2024 में टी20 विश्व कप खिताब जीता था। वहीं साल 2023 में एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय टीम फाइनल तक पहुंची थी।

बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में द्रविड़ ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने हमेशा अपनी भूमिका को



बस एक मशाल थामने वाले के तौर पर देखा है। मैंने पिछली पीढ़ी से मशाल थामी। जिसमें पहले मैं एक खिलाड़ी के तौर पर खेल रहा था और फिर अपने काम को मैने मैच के तौर पर आगे बढ़ाया। द्रविड़ ने कहा, अपने समय मुझे भी योगदान देने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिला। मुझे यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि अगली पीढ़ी ने उस विरासत को सफलता पूर्वक आगे बढ़ाया है। साथ ही कहा कि हमें जो सफलताएं मिली हैं उसका बहुत बड़ा श्रेय मौजूदा प्रबंधन, टीम और भारतीय क्रिकेट से जुड़े हर व्यक्ति को जाता है। इस खेल में हम सभी का अपना-अपना समय आता है और हमें अपना योगदान देना होता है। मैंने भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रयास किया है। मैं अपने से पिछली पीढ़ियों से प्रेरित रहा हूं और यह देखना सचमुच अद्भुत है कि हमारे बाद आने वाली पीढ़ियां इस विरासत को और भी ऊंचे स्तर पर ले जा रही हैं।

भारतीय टीम के कप्तान और कोच पद को संभाल चुके द्रविड़ ने कहा कि यह अवॉर्ड पाना उनके लिए अत्यंत कृतज्ञता का क्षण था। यह अवॉर्ड पाकर मैं बहुत खुश हूं। मेरा मतलब है कि मैं इस अवॉर्ड के पिछले विजेताओं के रास्ते चला, जो हमारे देश में इस खेल के सबसे बड़े दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं।

## सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के कारणों का खुलासा किया

एजेंसी, चेन्नई



रॉजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलते नजर आयेंगे। सैमसन ने जिस प्रकार लंबे समय तक रॉयल्स की ओर से खेलने के बाद उसे छोड़ा उसको लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। जिसको लेकर अब संजू ने अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि रॉयल्स में उनका समय समाप्त हो गया था। सैमसन आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक ट्रेड डील के जरिये सीएसके में चले गये थे। सैमसन के रॉयल्स छोड़कर अचानक ही सीएसके में जाने से प्रशंसक भी हैरान थे। इसी को देखते हुए आईपीएल के 2026 सत्र से पहले सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के अपने फैसले को लेकर बताया है। सैमसन के अनुसार उन्होंने साल 2018 से 2025 तक रॉयल्स की ओर से खेलने क बाद देखा कि अब टीम के साथ उनका समय पूरा हो गया है। सैमसन ने रॉयल्स के लिए 11 आईपीएल सीजन खेले हैं। जिससे वह टीम के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह 2013 से 2015 तक भी इस टीम का हिस्सा रहे थे, इसके बाद उन्होंने दो सत्र 2016-2017 तब की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स से खेला था। सैमसन ने कहा, "यह पहली बार है जब मैं आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ खेलने जा रहा हूं। मैं मैदान पर कदम रखते ही भावनाओं के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। खेल ही सब कुछ तय करता है। मैच से पहले और मैच के बाद, जब मैं पुरानी टीम के साथ खेलता हूं, तो वहां कई खिलाड़ी हैं जिनके साथ हमने बचपन में खेला है। बहुत सारे प्रबंधन से जुड़े और सहयोगी स्टाफ के सदस्य भी हैं।

## मुम्बई के लिए कठिन होगा सभी विदेशी खिलाड़ियों को अवसर देना : आकाश चोपड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का कहना है कि इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल मुकाबलों में मुम्बई इंडियंस के लिए विदेशी खिलाड़ियों को अवसर देना आसान नहीं रहेगा। आकाश के अनुसार मुम्बई टीम के पास कई विदेशी खिलाड़ी हैं पर सभी को अवसर नहीं दिया जा सकता क्योंकि उसके पास अपने देश के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा स्पिनर राहुल चाहर भी हैं जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकता है। बुमराह के होने से तय है कि उनके चारों ओवर काफी अच्छे रहेंगे। बुमराह ने आईपीएल 2025 में कुल 12 मैच खेले, जिसमें 17.56 की औसत के साथ 18 विकेट लिए थे। मुम्बर् अपने अभियान की शुरुआत 29 मार्च को मुंबई में अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ करेगी। आईपीएल के पिछले सत्र में टीम क्वालीफायर-2 तक पहुंची थी पर यहां उसे पंजाब किंग्स ने हरा दिया था। चोपड़ा ने कहा, बुमराह पर अपने आप दबाव आ जाता है। वह एक शीर्ष स्तर के गेंदबाज हैं और उन्हें उसे बनाये रखना होता है। वह हर मैच में प्रभाव डालते हैं। एक विकेट की गारंटी देते हैं और विरोधी टीम को रोकते हैं हालांकि इस जिम्मेदारी के साथ ही बहुत ज्यादा दबाव भी आता है।

## गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़े शुभमन

एजेंसी, अहमदाबाद



गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल आईपीएल के 19 सत्र से पहले अपनी टीम गुजरात टाइटंस से जुड़ गए हैं। शुभमन के आने से टीम को उत्साहत बढ़ गया है और अब उसका लक्ष्य टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर जीत हासिल करना रहेगा। गुजरात टीम अभी अभ्यास शिविर में अपनी तैयारियां को अंतिम रुप दे रही है। आईपीएल में गुजरात टीम अपना पहला मुकाबल 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेलेगी। वहीं अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सत्र के पहले चरण के दो मुकाबले घरेलू मैदान जबकि 2 बाहर के मैदान में खेले जाएंगे। गुजरात का रिकार्ड अब तक अच्छा रहा है। उसने तीन बार प्लेऑफ में जगह बनायी है। वहीं इससे पहले साल 2022 में गुजरात टाइटंस ने खिताब जीता था। इस सत्र में टीम के पास मैथ्यू हेडन जैसा बेहतरीन बल्लेबाज कोच है। जिसका भी उसे लाभ मिलेगा। आईपीएल के गत सत्र में शुभमन की कप्तानी में गुजरात टाइटंस एलिमिनेटर मुकाबले तक ही पहुंची थी। 2025 के इस सत्र में शुभमन विरोधी टीमों के गेंदबाजों पर हावी रहे थे। उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी कर 15 मुकाबलों में 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 650 रन बनाए थे। वह इस सिलसिले को वह इस बार भी बनाये रखना चाहेंगे।

गुजरात ने अपने पहले ही सत्र में खिताब जीता। इसके बाद गुजरात ने साल 2023 में फाइनल तक का सफर तय किया। शुभमन की कप्तानी में गुजरात ने 14 में से 5 मैच जीतकर आठवां स्थान हासिल किया था। पिछले आइपीएल में टीम ने अपने पहले 8 मैचों में से 7 मुकाबले जीते थे।

# बिजनेस

## लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में लिवालों और बिकवालों की खींचतान के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा, लेकिन दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर पहले लिवालों ने खरीदारी का जोर बना दिया। खरीदारी के सपोर्ट से दोनों सूचकांकों ने शानदार तेजी हासिल कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.75 प्रतिशत और निफ्टी 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, मीडिया और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 433.35 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 430.57 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.78 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,411 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,364 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,892 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 155 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,972 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,770 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,202 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 323.83 अंक की मजबूती के साथ 75,826.68 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण पहले 15 मिनट में ही यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से लगभग 500 अंक टूट कर 178.12 अंक की कमजोरी के साथ 75,324.73 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिससे सेंसेक्स की चाल भी ऊपर नीचे होने लगी।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली** । ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। इसी तरह एशियाई बाजार भी आज बढ़त के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारों ने लिवाली का जोर दिखाया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,699.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 268.82 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछल कर 22,374.18 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 46,893.04 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही।

## पीयूष गोयल ने पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को बताया मजबूत

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए दुनिया भर में उत्साह बढ़ रहा है। गोयल ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बावजूद भारतीय आर्थिक स्थिति मज़बूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में 38 देशों के साथ व्यापार समझौते किए गए हैं, जिनसे निर्यातकों को अवसर मिले हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत मार्च के अंत तक अपने निर्यात स्तर को बनाए रखेगा, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक नया अध्याय होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने सदन को बताया कि जब ये सभी मुक्त व्यापार समझौते लागू हो जाएंगे, तो इनसे भारतीय निर्यातकों के लिए अपार अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि भारत के माल निर्यात में पिछले महीने फरवरी तक कोई बदलाव नहीं आया, लेकिन इसमें गिरावट भी नहीं हुई। गोयल ने कहा कि मार्च के पहले हफ़्ते में निर्यात में कुछ गिरावट आई थी, लेकिन दूसरे हफ्ते में इसमें फिर से बढ़ोतरी देखने को मिली है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मार्च के अंत तक भारत अपने निर्यात के स्तर को बनाए रखने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत के लिए एक नया अध्याय शुरू होने वाला है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने अपने जवाब के अंत में इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति मज़बूत बनी हुई है।

## होर्मुज से 47 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के वडीनार पोर्ट पहुंचा 'नंदा देवी'

एजेंसी, नई दिल्ली



देश में एलपीजी की किल्लत के बीच शिवालिक के बाद अब एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' 47 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा एलपीजी लेकर गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। इस समय नंदा देवी से एलपीजी को दूसरे जहाज में ट्रांसफर किया जा रहा है। गुजरात के दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी (डीपीए) के चेयरमैन सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को वडीनार टर्मिनल के पास स्थित मिड सी का दौरा किया। यहां आज पहुंचे एलपीजी कैरियर नंदा देवी जहाज नंदा देवी के कैप्टन और क्रू-मेंबर से बातचीत की। मिड सी में ही नंदा देवी से पूरी 47 हजार मीट्रिक टन एलपीजी को दूसरे जहाज में ट्रांसफर किया जाएगा। यह काम पूरा होने के बाद एलपीजी का आधा स्टॉक एन्नोर बंदरगाह में ऑफलोड किया जाएगा। इसके साथ ही आधा स्टॉक पश्चिम बंगाल के हल्दीया बंदरगाह पर ऑफलोड होगा। मुंद्रा बंदरगाह पर खड़ा शिवालिक एलपीजी कैरियर अब मुंद्रा में 12 हजार टन एलपीजी का स्टॉक ऑफलोड करके वडीनार मिड सी में जाएगा और शाम को बाकी का बचा स्टॉक बीच समुद्र में दूसरे शिप में ट्रांसफर करेगा, जो बाद में उस स्टॉक को गुजरात के भरूच जिले में खंभात की खाड़ी में स्थित दाहेज बंदरगाह पर और मैंगलोर के दो अलग-अलग टर्मिनल्स पर ऑफ लोड करेगा।

## देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में गिरावट का रुख, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज पहले सत्र के कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। मंगलवार को कारोबार की शुरुआत में ही हाजिर सोने के भाव में 2,050 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,240 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,410 रुपये से लेकर 1,57,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,44,290 रुपये से लेकर 1,44,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,69,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,560 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## रेनो की 'डस्टर' नए अवतार में लॉन्च, शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपये

एजेंसी, नई दिल्ली



फ्रांसीसी कार निर्माता कंपनी रेनो ने मंगलवार को भारतीय बाजार में अपनी लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी 'डस्टर' को बिल्कुल नए अवतार में लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसकी शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपये तय की है। देशभर में इसकी डिलीवरी आज से ही शुरू हो गई है। रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडाल्गो के मुताबिक नई डस्टर भारतीय ग्राहकों की उम्मीदों के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन, टिकाऊपन और रोजमर्रा की उपयोगिता वाली खूबियों से लैस है। हमें उम्मीद है कि यह भारतीय ग्राहकों को एक भरोसेमंद विकल्प देगी। कंपनी ने बताया कि नई डस्टर में टर्बो टीसीई 1.0 लीटर और 1.6 लीटर वाले दो इंजन विकल्प उपलब्ध हैं। इसे मैनुअल ट्रांसमिशन के अलावा डीसीटी ट्रांसमिशन के साथ भी पेश किया गया है। पांच संस्करणों में उपलब्ध इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की शोरूम कीमत 10.49 लाख रुपये रखी गई है। हालांकि, 31 मार्च तक बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को यह संस्करण 10.29 लाख रुपये की शोरूम कीमत पर ही मिल जाएगा। रेनो ने इस एसयूवी को फुल एलईडी लाइटिंग, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट, एडास फीचर और 360 डिग्री कैमरा जैसे फीचर के साथ पेश किया है।

# एक्रोमैटोप्सिया से पीड़ित सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा, सुपर वेली फिल्म का फर्स्ट लुक जारी

फिल्मी दुनिया में सुपरहीरो पर आधारित कहानियां हमेशा से दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं। इस कड़ी में अब एक ऐसी फिल्म आने वाली है, जिसमें सुपरहीरो का अंदाज बिल्कुल अलग और अनोखा होगा। अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म सुपर वेली में एक ऐसे सुपरहीरो का किरदार निभाने जा रही हैं, जो सुपरहीरो की पावर को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है।



फर्स्ट लुक के वीडियो से साफ जाहिर है कि इस फिल्म में उनका किरदार थोड़ा आलसी, अजीब और मजाकिया अंदाज वाला है। फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता देखी जा रही है। दरअसल, कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने मजाक में कहा था कि मैं वेली हूं। आम बोलचाल की भाषा में वेली शब्द का मतलब होता है कि कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास करने के लिए कोई काम न हो या जो खाली बैठा हो। उनके इस वीडियो को कुछ यूजर्स ने गलत तरीके से समझ लिया और कहने लगे कि अदा शर्मा के पास काम नहीं है और वह खाली बैठी हैं। लेकिन अब, जब अदा शर्मा ने फिल्म के टाइटल का खुलासा किया, तो लोगों को समझ आया कि वह अपनी आने वाली फिल्म का प्रमोशन कर रही थीं। फर्स्ट लुक वीडियो में वह अपने किरदार के बारे में बताती दिख रही है, वह कहती है, मेरा नाम वेल्ली नहीं वेली है, लेकिन आप मुझे वेल्लीविजिलक्ष्मी कृष्णमूर्ति चंद्रशेखरानवामी अय्यर कह सकते हैं। वह आगे बताती है कि वह एक्रोमैटोप्सिया है यानी कलर ब्लाइंड.. इससे पीड़ित इंसानों को दुनिया केवल काले, सफेद और ग्रे कलर में दिखाई देती है। सुपर वेली में उनका अंदाज पूरी तरह बदला दिखेगा। यह फिल्म एक ऐसे सुपरहीरो की कहानी दिखाती है, जो पारंपरिक हीरो की तरह जिम्मेदार नहीं है। फिल्म के फर्स्ट लुक में अदा शर्मा का सुपरहीरो किरदार दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी उठाने से ज्यादा आराम करना पसंद करती है। वह अक्सर सोने या आराम करने के बारे



में ही सोचती है, बावजूद इसके किसी न किसी तरह बड़ी घटनाओं के बीच पहुंच जाती है। कभी वह बेहद अनाड़ी लगती है, तो कभी अचानक समझदारी भरा कदम उठाती नजर आती है। फिल्म का निर्देशन राजेश बच्चानी कर रहे हैं। उन्होंने अदा शर्मा के चयन को लेकर कहा, मुझे अदा की एक्टिंग काफी पसंद है। खास तौर पर फिल्म कमांडो में उनका किरदार मुझे बहुत पसंद आया था। उनमें एक अलग तरह की प्रतिभा है। उनके अभिनय में स्वाभाविकता, समझदारी और हल्का-फुल्का मजाकिया अंदाज भी देखने को मिलता है। इसलिए फिल्म के किरदार के लिए वह मुझे सही लगीं। इस फिल्म की कहानी पर मैं पिछले तीन साल से काम कर रहा हूं और मैं दर्शकों के सामने कुछ नया और ताजगी भरा कंटेंट पेश करना चाहता हूं।

# प्रभास की स्पिरिट में अमेरिकन इंडियन एक्ट्रेस ऐश्वर्या देसाई की एंट्री, रणवीर की फिल्म में भी आ चुकी हैं नजर

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म स्पिरिट को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से कथित मतभेद के बाद वह फिल्म से अलग हो गईं। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया है। बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय भी इस मेगा बजट प्रोजेक्ट से जुड़ गए हैं। हाल ही में मेकर्स ने उनका पहला लुक जारी किया। उनके पहले लुक ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मचा दी है। लेकिन, अब उनसे ज्यादा चर्चा नए पोस्टर में नजर आ रही एक्ट्रेस की हो रही है। पोस्टर में ऐश्वर्या देसाई भी नजर आ रही हैं, जिनकी अब हर तरफ चर्चा है। तो चलिए जानते हैं इस नई-नवेली एक्ट्रेस के बारे में।

स्पिरिट के नए पोस्टर में विवेक ओबेरॉय के साथ नजर आईं एक्ट्रेस ऐश्वर्या देसाई की बात करें तो वह एक भारतीय-अमेरिकी मॉडल हैं। ऐश्वर्या ने पहले मॉडलिंग की दुनिया में नाम कमाया और फिर अभिनय की दुनिया में कदम रखा। इससे पहले वह वह रणवीर सिंह की फिल्म गली बॉय में भी नजर आ चुकी हैं और साथ ही उन्होंने रैट इन द किचन नाम की एक शॉर्ट फिल्म में भी काम किया है, जिसके लिए उन्हें पुरस्कार भी मिला। अभिनय में आने से पहले, ऐश्वर्या देसाई ने मैरीलैंड विश्वविद्यालय से मार्केटिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी। ऐश्वर्या देसाई सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और आए दिन नए-नए पोस्ट साझा करती रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम बायो की बात करें तो उन्होंने खुद को एक मॉडल, एक्ट्रेस, ब्यूटी एक्सपर्ट और लाइफस्टाइल क्रिएटर बताया है। इंस्टाग्राम पर उनके 36,000 फॉलोअर्स हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी मॉडलिंग की तस्वीरें पोस्ट करती हैं, जिन्हें उनके प्रशंसक खूब पसंद करते हैं। स्पिरिट में ऐश्वर्या के किरदार की बात करें तो कहा जा रहा है कि उनका किरदार कहानी में अहम भूमिका निभाएगा और फिल्म को एक नया आयाम देगा, हालांकि उनके किरदार को लेकर फिलहाल कोई और जानकारी नहीं है। ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल के बाद, निर्माता भूषण कुमार और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अब स्पिरिट को और भी भव्य पैमाने पर पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म स्पिरिट में प्रभास लीड रोल में हैं और उनके साथ तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। प्रकाश राज भी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म पूरे भारत में आठ भाषाओं में 5 मार्च 2027 को रिलीज होने वाली है।



# केजीएफ-कांतारा वाले होम्बले फिल्म्स का बड़ा ऐलान
## भारतीय सिनेमा को मिलेगी वैश्विक मंच पर नई उड़ान

भारतीय सिनेमा को केजीएफ , कांतारा और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स अब दुनिया फतह करने की तैयारी में है। अपनी जादुई कहानियों से देश का दिल जीतने के बाद, कंपनी ने अब आधिकारिक तौर पर ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन (विदेशी फिल्म वितरण) के क्षेत्र में उतरने का ऐलान कर दिया है। ये कदम न केवल होम्बले की अपनी फिल्मों, बल्कि देश के अन्य फिल्म निर्माताओं के लिए भी अंतरराष्ट्रीय बाजार के दरवाजे मजबूती से खोलेगा।

केजीएफ और कांतारा जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस, होम्बले फिल्म्स, अब एक नई भूमिका में नजर आएगा। कंपनी ने अब खुद अंतरराष्ट्रीय वितरक बनने का फैसला किया है। वो सिर्फ अपनी ही नहीं, बल्कि भारत के अन्य फिल्म निर्माताओं की बेहतरीन और बड़ी फिल्मों को भी विदेशी बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा। इसका मकसद भारतीय कहानियों और संस्कृति को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाना और विश्व स्तर पर एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना। होम्बले फिल्म्स अब भारत के अन्य छोटे-बड़े प्रोडक्शन हाउस के लिए एक पुल का काम करेगा। इसका मतलब है कि भारत के किसी भी कोने की दमदार कहानी अब दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर दिखाई देगी। विदेशों में डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा खुद लेकर प्रोडक्शन कंपनी ये पक्का करना चाहती है कि भारतीय सिनेमा की गूँज दुनिया के हर शहर और हर कोने में सुनाई दे। बता दें कि ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा इस प्रोडक्शन हाउस की उपज है।




# धुरंधर : द रिवेंज की नेशनवाइड एडवांस बुकिंग शुरू, सीक्वल ने तोड़ा पीक्वल का रिकॉर्ड

रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित सीक्वल, धुरंधर 2, जिसका ऑफिशियल टाइटल धुरंधरः द रिवेंज है, 2026 की सबसे बड़ी ओपनर बनने के लिए तैयार है. मेकर्स ने अब नेशनवाइड के लिए भी एडवांस बुकिंग के लिए टिकट काउंटर ओपन कर दिया है. एडवांस बुकिंग को भारत के बड़े बाजारों में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. हालांकि, कई सिनेमा सर्किट तो टिकटों की बढ़ती मांग को पूरा करने में भी मुश्किल महसूस कर रहे हैं. धुरंधर 2 के मेकर्स ने देशभर के फैंस को गुड न्यूज दिया. मेकर्स ने बताया कि धुरंधर 2 का नेशनवाइड एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते लिखा है, बिगाड़ने का वक्त आ गया है, धुरंधर द रिवेंज की एडवांस बुकिंग देशभर में खुली है. अभी अपने टिकट बुक करें. धुरंधर द रिवेंज दुनिया भर में 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद पर हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी.

सैकनिल्क के शेयर किए गए नए अपडेट में बताया कि ट्रेड एनालिस्ट्स का कहना है कि मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में फिल्म के प्रीमियर से कुछ दिन पहले ही सिनेमाघरों में काफी भीड़ देखी जा रही है. इसे देखते हुए, सिनेमाघर मालिकों ने फिल्म के शुरुआती वीकेंड में और भी शो जोड़ने पर विचार करना शुरू कर दिया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत टिकट पहले ही बिक चुके हैं, जबकि हैदराबाद में प्री-सेल 75 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है और बेंगलुरु में एडवांस बुकिंग में लगभग 60 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं. ट्रेड एनालिस्ट्स का कहना है कि मौजूदा रुझान फिल्म के प्रति जबरदस्त उत्साह को दर्शाता है. डिमांड का यह लेवल 2017 में आई बाहुबली 2ः द कंक्लूजन को मिले माहौल की याद दिलाता है. हालांकि अभी बुकिंग का शुरुआती दौर ही चल रहा है, लेकिन प्रमुख महानगरों में टिकटों की बिक्री की रफ्तार से यह संकेत मिलता है कि यह फिल्म हाल के सालों में रिलीज हुई किसी भी भारतीय फिल्म के मुकाबले बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी ओपनिंग में से एक हासिल कर सकती है. आदित्य धर की इस फिल्म ने सिर्फ पेड प्रीव्यूज से ही भारत में 32 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. सैकनिल्क के अनुसार, 14 मार्च सुबह 10 बजे तक धुरंधरः द रिवेंज ने 9506 शो के लिए 5,44,237 टिकट बेचे हैं, जिससे पेड प्रीव्यू बुकिंग से 27.36 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई हुई है. वहीं ब्लॉक सीटों के साथ 32.11 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. इस फिल्म ने अब अपनी ही पिछली फिल्म धुरंधर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. हालांकि, यह छावा के रिकॉर्ड को तोड़ने से बस जरा सा चूक गई. सैकनिल्क के रिपोर्ट के अनुसार, धुरंधर ने भारत में पहले दिन 28 करोड़ रुपये (नेट) की ओपनिंग की थी. जबकि छावा ने घरेलू स्तर पर पहले दिन 33.50 करोड़ रुपये (नेट) की ओपनिंग की. हालांकि धुरंधर और छावा दोनों के ही पेड प्रीव्यू नहीं हुए थे. विदेशों में भी फिल्म की मांग जोर पकड़ रही है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेंकी बॉक्स ऑफिस के अनुसार, फिल्म ने अमेरिका में प्रीमियर के लिए एडवांस बुकिंग से 1.07 मिलियन डॉलर की कमाई कर ली है. यह कमाई 690 जगहों, 1,765 शो और 67,000 से ज्यादा टिकटों की बिक्री से हुई है. ट्रैकर के अनुसार, उत्तरी अमेरिका में प्रीमियर के लिए एडवांस बुकिंग से अब तक लगभग 1.31 मिलियन डॉलर की कमाई हो चुकी है. अगर यही ट्रेंड जारी रहा, तो फिल्म ओपनिंग-डे पर एडवांस बुकिंग से लगभग 2 मिलियन डॉलर और पहले वीकेंड तक लगभग 4.05 मिलियन डॉलर की कमाई कर सकती है. आदित्य धर की निर्देशित धुरंधर द रिवेंज दुनिया भर में 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. वहीं, 18 मार्च को फिल्म पेड प्रीव्यू होगा. फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन आर. माधवन अहम भूमिका में हैं.

## फिल्म

# सुदीगली सुधीर की लेटेस्ट फ़िल्म ग्रेटेस्ट ऑफ़ ऑल टाइम्स की रिलीज डेट आउट, 26 मार्च को दुनिया भर में रिलीज़

सुदीगली सुधीर की लेटेस्ट फ़िल्म जी.ओ.ए.टी (ग्रेटेस्ट ऑफ़ ऑल टाइम्स) 26 मार्च को दुनिया भर में रिलीज़ होने वाली है, जो एक एंटरटेनिंग सिनेमैटिक एक्सपीरियंस का वादा करती है। फ़िल्म में दिव्या भारती फीमेल लीड रोल में हैं, और वेदव्यास डायरेक्टर हैं। महातेजा क्रिएशन्स और जयष्णव प्रोडक्शंस के अंडर चंद्रशेखर रेड्डी मोगुल्ला द्वारा प्रोड्यूस की गई जी.ओ.ए.टी अभी पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। इस फ़िल्म में सर्वदमन बनर्जी, नितिन प्रसन्ना, ब्रह्माजी और पृथ्वी जैसे शानदार कलाकार हैं। लियोन जेम्स के म्यूज़िक और मणि शर्मा के बैकग्राउंड स्कोर के साथ, यह फ़िल्म एक टेक्निकल मास्टरपीस होने का वादा करती है। सिनेमैटोग्राफी रसूल एलोर ने की है, और एडिटिंग विजय मुक्तवरपु ने की है। प्रोड्यूसर चंद्रशेखर रेड्डी मोगुल्ला ने फिल्म की सफलता पर भरोसा जताया और कहा कि यह सुदीगली सुधीर के करियर में एक मील का पत्थर है। फिल्म के कंटेंट को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है, और ट्रेलर जल्द ही आने की उम्मीद है। जी.ओ.ए.टी एक कमर्शियल एंटरटेनर है जिसमें आज के युवाओं के लिए एक मतलब का मैसेज है। फिल्म की टेक्निकल टीम में सनी कुरापति एडिशनल डीओपी, राजीव नायर प्रोडक्शन डिज़ाइनर और समायरा रेड्डी एन को-प्रोड्यूसर हैं। अपनी दिलचस्प कहानी और शानदार कास्ट के साथ, जी.ओ.ए.टी दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है।



# पैन-इंडिया फिल्म 'नागबंधम का पहला गाना 'नमो रे रिलीज, भक्ति और अध्यात्म से भरी फिल्म की झलक ने फैंस का दिल जीत लिया

फिल्म 'नागबंधम के मेकर्स ने उसका पहला गाना 'नमो रे रिलीज कर दिया है, जो सीधे दर्शकों को आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण दुनिया में ले जाता है। यह गाना न केवल संगीत में दमदार है, बल्कि फिल्म की कहानी की नींव और भावनाओं का सार भी पेश करता है।

सोशल मीडिया पर मेकर्स ने लिखा नागबंधम के आध्यात्मिक महाकाव्य के साथ भक्ति की एक नई दुनिया में कदम रखें पहला गाना नमो रे अब रिलीज हो चुका है 'नमो रे गाने में पारंपरिक भक्ति भाव और शानदार संगीत का मिश्रण है। इसका हर नोट दर्शकों को आस्था और अध्यात्म की अलग दुनिया में ले जाता है।



फैंस इस गाने की धुन और भावनाओं में पूरी तरह खो जाते हैं। फिल्म का टीजर भी पहले ही चर्चा में है। इसमें भव्य बैकग्राउंड म्यूजिक, शानदार स्क्रीन प्रेजेंटेशन और पौराणिक दुनिया की झलक दिखाई देती है, जो भारतीय लोक कथाओं और संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। फिल्म की कहानी और निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है, जबकि इसे प्रोड्यूस किया है किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी। फिल्म 2026 की गर्मियों में पैन-इंडिया रिलीज के लिए तैयार है।

# द केरला स्टोरी 2 की 16वें दिन भी नहीं थम रही कमाई, बॉक्स ऑफिस पर किया धमाका

द केरला स्टोरी 2 को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कमाई में लगातार ग्रोथ देखने को मिल रही है. आइए जानते हैं द केरला स्टोरी 2 ने 16वें दिन कितना कलेक्शन किया है. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 16वें दिन यानी तीसरे शनिवार को 2.96 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म के कलेक्शन में 16 परसेंट की ऑक्यूपेंसी देखी गई. फिल्म के 16वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने 16वें दिन 2.96 करोड़ कमाए हैं तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 44.76 करोड़ हो गया है. फिल्म ने टोटल 52.23 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है. वहीं 44.76 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है. फिल्म के डे वाइज कलेक्शन की बात करें तो द केरला स्टोरी 2 ने 80 लाख से ओपनिंग की थी. फिल्म ने दूसरे दिन 4.75 करोड़ कमाए. तीसरे दिन फिल्म ने 4.80 करोड़ का कलेक्शन किया. चौथे दिन फिल्म ने 2.55 करोड़ का कलेक्शन किया. पांचवें दिन फिल्म ने 4.05 करोड़, छठे दिन 3.55 करोड़, सातवें दिन 2.78 करोड़, आठवें दिन 2.75 करोड़, नौवें दिन 3.75 करोड़, दसवें दिन 3.30 करोड़, 11वें दिन 1.95 करोड़, 12वें दिन 2.15 करोड़, 13वें दिन 1.60 करोड़, 14वें दिन 1.52 करोड़ का कलेक्शन किया. 15वें दिन फिल्म ने 1.50 करोड़ कमाए. पहले हफ्ते में फिल्म ने 23.28 करोड़ कमाए. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 17.02 करोड़ कमाए. बता दें कि इस फिल्म में उल्का गुप्ता, अदिती भाटिया, ऐश्वर्या ओझा लीड रोल में हैं. फिल्म को कामाख्या सिंह नारायण ने डायरेक्ट किया है. फिल्म की हर तरफ चर्चा हो रही है. द केरला स्टोरी 2 काफी विवादों में भी रही. फिल्म में तीन ऐसी लड़कियों की कहानी दिखाई जाती है जो दूसरे धर्म में शादी करती हैं. वो अपने परिवार के खिलाफ जाकर शादी करती हैं. शादी के बाद उनकी जिंदगी में बहुत तकलीफें आती हैं और पूरी जिंदगी बदल जाती है.



# गर्मियों में ताजगी देंगी ये 4 तरह की ठंडी मॉकटेल, पी कर मन हो जाएगा तृप्त

गर्मी के मौसम में हर कोई कुछ ऐसा पीना चाहता है, जो ताजगी प्रदान करता हो। ऐसे में ज्यादातर लोग जूस या कोल्ड ड्रिंक का विकल्प चुन लेते हैं। हालांकि, इनके बजाय आपको मॉकटेल पीनी चाहिए, जिनमें कई अलग-अलग स्वाद एक साथ मिल जाते हैं। ये न केवल ताजगी देती हैं, बल्कि मन को भी तृप्त कर देती हैं। आइए इस लेख में 4 तरह की लजीज मॉकटेल की रेसिपी जानते हैं।

**चिली पैन :** चिली पैन एक ऐसा पेय है, जो आपको गर्मियों के दौरान काफी ताजगी दे सकता है। यह पेय भारत के कुछ दक्षिणी राज्यों में काफी लोकप्रिय है और इसे नारियल पानी, नींबू के रस, काला नमक और काली मिर्च के मिश्रण से बनाया जाता है। यह के न केवल आपको गर्मियों में ठंडक प्रदान कर सकती है, बल्कि इसमें मौजूद काला नमक और काली मिर्च के कारण पाचन और रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिल सकती है।

**लिची पंच :** यह मॉकटेल गर्मियों के दौरान लिची की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक जग में पानी, शहद, नींबू का रस, ताजे पुदीने के पत्ते और लिची को डालकर अच्छे से मिला लें। इसके बाद इसमें बर्फ के टुकड़े डालें और फिर इसे परोसें। लिची में मौजूद विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाचन को स्वस्थ रखने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

**पिना कोलाडा :** पिना कोलाडा एक मलाईदार और स्वादिष्ट मॉकटेल है, जो आपको गर्मियों के दौरान काफी ताजगी दे सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक मिक्सर में अनानास का रस, नारियल का दूध, सफेद रम और थोड़ा-सा शक्कर डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को एक गिलास में बर्फ के टुकड़े डालकर पीएं। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद अनानास और नारियल के कारण सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

**तरबूज और पुदीने की मॉकटेल :** तरबूज और पुदीने की मॉकटेल एक ताजगी भरा पेय है, जिसे आप गर्मियों में आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए तरबूज के टुकड़ों को मिक्सी में पीस लें, फिर उसमें ताजे पुदीने के पत्ते डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को छानकर गिलास में डालें और ऊपर से नींबू का रस निचोड़ें। अंत में इस पर बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी भरपूर होते हैं।

# Phool Waalon Ki Sair kicks off after gap of over a year

**New Delhi, Agency:** The week-long celebrations of Phool Waalon Ki Sair began on Sunday after a gap of more than one year, reviving a centuries-old tradition that symbolises communal harmony in the capital.

Representatives of Anjuman Sair-e-Gul Faroshan - the body that has organised the event for decades - presented a floral pankha to chief minister Rekha Gupta and art and culture minister Kapil Mishra, among others, on Monday.



Sadbhavna Yatra, a traditional procession covering parts of Old Delhi, is scheduled for Tuesday. The procession, accompanied by floral pankhas, shehnai and nagada, will begin from Gauri Shankar Temple and pass through Town Hall and other areas of Chandni Chowk.

In another key ritual of the festival, a floral chadar and pankha will be offered at the dargah of Khwaja Bakhtiyar Kaki and Yogmaya Temple in Mehruali on Thursday.

Usha Kumar, general secretary of the Anjuman, said, "We will present the pankha to LG Taranjit Singh Sandhu on Tuesday and invite him to join the ritual of offering floral chadar."

Phool Waalon Ki Sair is usually held in Nov, but could not take place last year after Delhi Development Authority (DDA) did not grant permission to the Anjuman to hold programmes at Aam Bagh, a DDA park located in front of Jahaz Mahal, near Mehrauli's Shamsi Talab. Similarly, in 2024, authorities did not give its consent to organise the traditional Jhoola Mela at the same venue. Media had earlier reported that the centuries-old tradition might face discontinuation due to repeated disruptions.

According to Kumar, the authorities were hesitant to allow the event last Nov due to concerns over rising air pollution, heavy traffic congestion in the city during the period and its proximity to major festivals like Dussehra and Diwali. Following discussions, permission was eventually granted to hold the event this March instead, Kumar said. DDA also gave its nod to organise the celebrations at the same venue in Mehrauli, with events like traditional dangal, ghazal performances and qawwali scheduled this week.

## Operation Sindoor remarks: Haryana govt drops case against Ashoka University professor Ali Khan Mahmudabad



**New Delhi, Agency:** The Haryana govt on Monday informed Supreme Court that it, as "one-time magnanimity", has decided to drop the case against Ashoka University professor Ali Khan Mahmudabad for making objectionable statements against 'Operation Sindoor'.

Appearing for Haryana, additional solicitor general S V Raju told a bench of CJI Surya Kant and Justice Joymalya Bagchi that the Haryana govt has refused sanction for Mahmudabad's prosecution, which would mean the case is closed even though the state police had filed a chargesheet against him. However, he said SC should warn him against making such statements in the future. The court approved the "one-time magnanimity" offer and asked the professor, who was arrested in May last year, to be careful about what he says. "Sometimes reading between the lines conveys a very different message and causes problem", and the professor should desist from such statements, the bench said.

Approving the closure of the case against Mahmudabad, pending before judicial magistrate first class at Sonepat, the bench said, "We have no reason to doubt that the petitioner, a highly educated person, will be cautious and act in a prudent manner in the future.

## Travel agencies operating from NFC sour foreign dreams for many



**New Delhi, Agency:** Police have registered two cases against travel agencies for allegedly duping people on the pretext of placing them in jobs abroad that turned out to be fake and left them stranded overseas. Two persons, one from Bihar and another from Uttar Pradesh, lodged complaints with the ministry of external affairs against the agencies allegedly operating in southeast Delhi's New Friends Colony.

Sahil Ali from Uttar Pradesh, who has a doctorate, was allegedly sent to Malaysia by one of the agencies on the promise of a job. However, he ended up stranded there for nearly two months. Speaking to Media, his brother Rashid said the family repeatedly tried to contact him but got no response and eventually filed a complaint with the ministry. After almost two months, Sahil managed to contact his family and asked them to book a return ticket. Authorities later traced him, and he is expected to return to India on Wednesday. In the other case, Ritesh Kumar, a resident of Bihar's Gopalganj, filed a complaint.

Kumar said in his complaint that a Delhi-based agency was involved in the recruitment. A senior police officer said Kumar was promised a job, but upon arriving in Saudi Arabia, he was asked to take on some other work, which was not the job he had been told about.

When he expressed his desire to return, he was stranded. Officials from the office of the protector of emigrants said the agency is not registered under the Emigration Act, 1983, and not authorised to conduct overseas recruitment.

Police said that in both the cases, FIRs were registered under Sections 10 and 24 of the Emigration Act. A senior police officer said that the people who were duped were from small villages in other states. They were often lured with the enticing promise of high-paying jobs abroad. "We found both the establishments were closed," the officer said.

In Jan, police registered two cases after complaints from three men who were cheated by two recruitment firms.

# Rescued From Iran, Grounded In Dubai

**New Delhi, Agency:** A loud blast minutes before boarding triggered panic at Dubai International Airport on Monday, forcing authorities to halt a Delhi-bound flight carrying Indian students and pilgrims evacuated from war-torn Iran. The flight finally landed in Delhi after a delay of more than 12 hours.

Earlier, at Dubai airport, passengers waiting near the gate were rushed back inside the terminal as fears of another attack spread. "They told us nothing had happened. But when we checked online, we saw reports of a drone attack nearby," said Labeeb Qadiri, a final-year MBBS student at Urmia University in Iran who was among those stranded at the airport.



Authorities suspended operations at Dubai International Airport after a drone strike hit a fuel storage tank near the airport, sparking a fire that was later contained by civil defence teams. The incident forced airlines to delay or divert several flights as a precaution.

Nearly 80 Indian students and pilgrims - most of them from Kashmir - remained stuck at Dubai airport for several hours after the incident disrupted flight operations. The students had travelled from Armenia to Dubai as part of the second batch of Indians leaving Iran amid the ongoing conflict. The Flydubai flight FZ441 was originally scheduled to land at Delhi's Indira Gandhi International Airport at 9.55am Monday. After hours of uncertainity, it finally departed late afternoon and landed in Delhi just after 10pm.

Students said airport authorities were first clearing flights that had been delayed earlier, to places like Riyadh and Kabul. "They told us ours may go later, so there was no clarity for hours," Qadri said.

For many students, the delay came after an already long and exhausting escape from Iran. Several travelled 9-19 hours by bus to reach the Armenia border, after waiting days for visas. With transport scarce, students said they had to arrange buses and hotel stays themselves before flying out. Not everyone could afford the sudden journey. Those who could, pooled money to help others make the trip. "Some didn't have the money at that moment. So, everyone contributed. We couldn't leave our friends behind to die," Qadiri said.

The prolonged delay in Dubai also disrupted onward travel plans for many. Several students were scheduled to take connecting flights from Delhi to Srinagar, which were missed due to the late arrival.

Landing late at night also meant additional expenses for many students. "We may have to look for a hotel tonight or wait at the airport till morning for another flight. After everything we've been through, it's just another uncertainty," one student said.

The Jammu and Kashmir Students Association urged authorities to arrange transport - preferably buses - from Delhi to Kashmir, saying the students had already endured a long and stressful journey from a conflict zone.

By the time the flight landed in Delhi late Monday night, many students were visibly exhausted but relieved to have reached India safely. Outside the arrivals gate, the scene was one of emotional reunions. As an MBBS student stepped out, her mother broke down in tears and hugged her tightly, welcoming her with flowers.

## Anticipatory bail denied to 2019 MCOCA case accused

**New Delhi, Agency:** A Delhi court dismissed an anticipatory bail plea of an accused in a 2019 case registered under the Maharashtra Control of Organised Crime Act (MCOCA), observing that he was allegedly a member of an "organised crime syndicate involved in multiple offences".



Judge Sonu Agnihotri said that the syndicate was linked to seven criminal cases, and courts had taken cognisance of four cases in the last decade, thereby satisfying the statutory requirement of "continuing unlawful activity" under the law. The court noted that Riyazuddin's name was included in the proposal under MCOCA and approved by the additional commissioner of police (crime). It held that the stringent bail conditions under the Act were not met.

The defence argued that the dispute stemmed from a Feb 1, 2022, incident when the accused, a driver, was stopped by a PCR vehicle while driving his RTV bus after a minor collision with an auto. The counsel alleged that inspector Yogender threatened to arrest him and impound the vehicle, and demanded a bribe for its release. The defence claimed the accused later paid protection money to avoid challans and possessed a video recording of the transaction, arguing the case was filed to target him for exposing alleged police corruption. The defence further claimed that the accused was "falsely implicated after raising complaints against police officials". The counsel said he wrote to the LG in 2022 against inspector Yogender and constable Shokendra, and later filed another complaint against SI Sahansar Pal in 2025, and approached Delhi High Court seeking registration of an FIR against them.

Opposing the plea, the prosecution, led by Pravin Rahul, argued that anticipatory bail is not provided under MCOCA, and the accused was part of an organised crime syndicate allegedly led by Raj Kumar alias Raju Meena, who has been arrested. .

The prosecution argued the complaints against police officers were an "afterthought", noting that they were filed only after a separate FIR was registered against him. The prosecution also cited statements of protected witnesses and confessional statements of the co-accused alleging that he used associates to secretly record videos of police personnel for extortion and blackmail.

Agreeing with the prosecution, the court observed that there was "no reason to disbelieve the allegations against the accused", and dismissed the anticipatory bail plea.

## LG Sandhu takes up civic complaints on social media

**New Delhi, Agency:** Newly appointed lieutenant governor Taranjit Singh Sandhu, taking cognizance of civic complaints on social media in which he is tagged, has directed agencies to take prompt action on the cases and monitor their progress.



He is asking departments to update the status of complaints on social media platforms, with visual or video evidence of the work carried out.


The initiative aims to improve accountability and ensure faster grievance redress and real-time monitoring of civic issues raised by residents, officials said.

In one of the first interventions under the revived system, residents of DDA's EWS flats in Kalkaji - developed under the Jahan Jhuggi Wahin Makaan rehabilitation scheme for slum dwellers - flagged waterlogging in the stilt area of their housing complex on social media. They tagged the LG in the post. Sandhu forwarded the matter to DDA and directed officials to resolve the issue in a time-bound manner.

Similarly, a grievance regarding garbage lying on a roadside and near the wall of a park in the densely populated Mehrauli-Chhatarpur area was taken up in the same way. Following directions from the LG, MCD cleared the garbage and cleaned the area in record time, an official said.

# Passenger footfall to triple at Noida in 5 years; domestic flyers to be mainstay

**New Delhi, Agency:** The upcoming Noida International Airport expects to see a rapid increase in footfall, the growth fuelled largely by domestic flights and an aviation fuel price advantage with which it expects to draw more airlines. Passenger numbers are expected to triple in five years - from 67.4 lakh in FY '27 to over 2 crore in FY '31, according to Noida International Airport's (NIA) tariff papers submitted with Airports Economic Regulatory Authority (AERA). If the airport touches this number, the second phase of development could get triggered within two years of the launch.



Apart from availability of slots, unlike the absolute crunch at NCR's big brother IGI Airport, UP will charge 1% VAT on aviation turbine fuel as opposed to 25% by Delhi for IGIA, a factor weighing heavily with airlines. IndiGo, Akasa and Air India will be the launch customers at NIA. The upcoming Subha Airways will also have its base at NIA.

Expected to be inaugurated later this month, NIA is looking at starting operations this summer and AERA estimates international operations from Aug-Sept. If these timelines are not further delayed, the authority projects NIA - which begins operations with a capacity of 1.2 crore passengers annually - will see 66 lakh domestic and 1.4 lakh international passengers in FY 2027 (the latter accounting for 2% of the total 67.4 lakh footfall) Total passenger footfall is expected to rise almost threefold to over 2 crore in FY 31, with 1.9 crore domestic flyers.

"NIA's passenger traffic in the initial years will be driven by its catchment area... under 120-minute free flow travel time include the entire Delhi, Ghaziabad, Gautam Budh Nagar and parts of Meerut, Sonipat, Jhajjar, Rewari. Traffic is expected to expand rapidly in the initial years due to pent-up demand from these catchment areas and availability of premium slots. However, being a greenfield airport, traffic is expected to take two to three years to stabilise. Airlines are expected to start new services to untapped markets and increase frequency to Tier-1 markets for which they would be availing NIA facilities for operations," said a source with the airport operator. NIA's passenger growth projections are in contrast to existing airports, where passenger numbers tend to remain stagnant due to operational maturity.

AERA had in Aug issued an ad hoc tariff with user development fee ranging from Rs 210 to Rs 980 as it was then expected the airport will become operational In 2025. That didn't happen. Now, the process for regular tariff determination has kicked off. The operator is yet to submit its proposed tariff card based on which the regular aeronautical charges and user development fee will be decided. AERA has proposed an aggregate revenue requirement (ARR) of Rs 6,855 crore against an ARR of Rs 8,702 crore submitted by Yamuna International Airport Private Limited, the airport's operator.

"Determination of aeronautical charges and UDF requires a delicate balance between cost recovery and its potential impact on air traffic demand. This balance is crucial for financial viability of the airport while also ensuring the tariffs remain competitive to attract and retain airlines and passengers," according to AERA.